# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 20 मई 2025





8 आर्थिक दबाव से पस्त होगा पाक

मैट्रो

14 लग्जरी कार में जाते थे चोरी करने ....


मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को कह दिया था-सिस्टर ऑफ टेररिस्ट

◆ **सुप्रीम कोर्ट ने कहा-** आपके मगरमच्छ के आंसू और माफी स्वीकार नहीं...इस बयान पर आपको शर्म आनी चाहिए

# एफआईआर की जांच के लिए 3 आईपीएस की एसआईटी बनाई ये दूसरे राज्य के अफसर होंगे, इसमें एक महिला भी शामिल होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी के लिए सोमवार को मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की खिंचाई की और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंत्री से कहा कि कोट ने उनके वीडियो देखे हैं, जिसमें उन्होंने टिप्पणी की और माफी मांगी। पीठ ने आश्चर्य जताया कि क्या वे मगरमच्छ के आंसू थे या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है।

**ये सभी अफसर आईजी रैंक के होंगे, मंगलवार सुबह 10 बजे मप्र के डीजीपी करेंगे एसआईटी का ऐलान**



**ये एसआईटी 28 मई को सुप्रीम कोर्ट को अपनी पहली स्टेटस रिपोर्ट देगी**



### आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए

कोर्ट ने आगे कहा कि आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा।

## और, क्या कहा सुप्रीम कोर्ट ने ?

### टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।

### माफी में भी अगर-मगर

पीठ ने मंत्री से पूछा कि यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का यह तरीका नहीं है। आपने जिस तरह की भद्दी टिप्पणी की है, आपको शर्म आनी चाहिए।

### पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने जमकर फटकारा था

**एक मंत्री होकर आप कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं**

गौर हो कि बीते गुरुवार को विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण पहुंचे और एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन शाह को यहां भी फटकार ही पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप संवैधानिक पद हैं, आपको अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर कें कंटेंट को लेकर भी फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआईआर की भाषा ऐसी लिखी गई है जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से एफआईआर में सुधार करने और पुलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा किए जाने के भी आदेश दिए।



### क्या भाजपा अपने बदजुबान नेता को तभी हटाएगी जब कोर्ट कहेगा ?

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर की गई अपनी पोस्ट के जरिए एक बार फिर मंत्री विजय शाह और सरकार को घेरा है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अब असली मुद्दा है भाजपा क्या अपने बदजुबान नेता को तभी हटाएगी, जब कोर्ट कहेगा? उन्होंने कहा कि यह देश तानाशाही तरीकों को नकार देगा और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों से ही चलेगा।

### हाईकोर्ट ने बयान को बताया था कैंसर जैसा घातक और भाषा को गटर छाप

मंत्री शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान का विरोध तेज हुआ और उनके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की जाने लगी। मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान मंत्री शाह को जमकर फटकार लगाई गई। कोर्ट की ओर से तल्ख टिप्पणी करते हुए उनके बयान को कैंसर जैसा घातक बताया था। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। कोर्ट ने डीजीपी को मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफ केस दर्ज किया गया।






**हद है** पंच को प्रतिनिधि बनाया, 5% कमीशन तय किया

# गुना में चुनावी कर्ज चुकाने सरपंच ने ठेके पर दे दी सरपंची, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना जिले की करोंद पंचायत को ठेके पर लेने वाले पंच पर एफआईआर दर्ज की गई है। सरपंच ने पंचायत का पूरा काम संभालने के लिए पंच को नियुक्त कर दिया था। इसका बाकायदा 100 रुपए के स्टांप पर एग्रीमेंट भी किया गया था। कैंट थाने में पंच के खिलाफ फ्रॉड की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

जनपद पंचायत गुना को यह शिकायत मिली थी कि करोंद पंचायत की सरपंच लक्ष्मीबाई ने अपनी सरपंची ठेके पर दे दी है। इस शिकायत की जनपद पंचायत ने जांच की। इसके बाद एफआईआर के लिए एक पत्र कैंट थाने को भेजा गया था। इस पत्र में कहा गया कि रणवीर सिंह कुशवाह द्वारा सरपंच के साथ सौ रुपए के स्टांप पर एग्रीमेंट किया गया। इसकी नोटरी भी की गई थी। रिपोर्ट में लगे शपथ पत्र से स्पष्ट है कि सरपंच लक्ष्मीबाई और रणवीर सिंह कुशवाह के बीच पंचायत के काम करने बदले में 20 लाख रुपए का एग्रीमेंट हुआ।



**इसका बाकायदा 100 रुपए के स्टांप पर एग्रीमेंट भी किया गया**

### सीईओ ने दिए थे एफआईआर के निर्देश

9 मई को जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत को पत्र जारी कर एफआईआर के निर्देश दिए। 13 मई को जनपद पंचायत ने कैंट थाना प्रभारी को एफआईआर करने के लिए पत्र लिखा। 17 मई को कैंट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

## तेंदूपत्ते को तोड़ने गए तीन ग्रामीणों को हाथियों ने कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज :शहडोल

शहडोल में जंगली हाथियों ने 3 लोगों को कुचलकर मार डाला। इनमें से एक को तो उसकी पत्नी के सामने ही रौंद दिया। पत्नी ने किसी तरह पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। पहली मौत की जानकारी के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची ही थी, तभी दूसरी मौत की जानकारी लगी। दूसरी घटना पहले घटनास्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर है।अब हाथी के कुचलने से तीसरी मौत की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। यह घटना पहले और दूसरे घटना स्थल से करीब 13 किलोमीटर दूर है। सोमवार को जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के सनौसी और डोडा के जंगल में ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे, तभी हाथियों ने उन पर हमला कर दिया। वन विभाग के एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि मोहनलाल पटेल (80) तेंदू पत्ता तोड़ने गया था, तभी हाथियों ने उसे कुचलकर मार डाला। सनौसी गांव के रहने वाले उमेश कोल अपनी पत्नी के साथ जंगल तेंदू पत्ता तोड़ रहे थे। तभी बांधवगढ़ की ओर से दो जंगली हाथी यहां पहुंचे। हाथियों को देखकर उमेश की पत्नी ने दौड़ लगा दी, वह एक पेड़ पर चढ़ गई। लेकिन, उमेश हाथियों के सामने आ गया। हाथियों ने उमेश को उसकी पत्नी के सामने ही कुचलकर मार डाला। पेड़ में चढ़ी पत्नी ने चिल्लाकर आसपास मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाई। हाथी संजय गांधी टाइगर रिजर्व की ओर बढ़ गए।










विरासत से विकास
300वीं जन्म जयंती पर
लोकमाता अहिल्याबाई होलकर
को कृतज्ञतापूर्ण नमन
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
लोकमाता अहिल्याबाई
के मूल्यों एवं आदर्शों को समर्पित
राजवाड़ा, इंदौर में
मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद बैठक
का आयोजन
विकसित मध्यप्रदेश @2047
विज़न डॉक्यूमेंट पर मंथन
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
20 मई, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे
D-11027/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



कैबिनेट बैठक : करीब 78 साल बाद होगी यहां कोई बैठक

# आज 'राजवाड़ा' में मोहन सरकार

मप्र सरकार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वां जयंती वर्ष हर्षोल्लास के साथ मना रही है। इस उपलक्ष्य में इस बार की कैबिनेट बैठक इंदौर के राजवाड़ा में रखी गई है। राज्य की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे

इंदौर के राजवाड़ा स्थित होल्कर राजवंश का दरबार हाल सज धजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक के लिए इंदौर के राजवाड़ा स्थित होलकर राजवंश का दरबार हाल सज-धजकर तैयार हो गया है। करीब 78 साल बाद इस स्थान पर होने वाली बैठक के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत मंत्रिमंडल के ज्यादातर मंत्री इंदौर पहुंच चुके हैं।

इसके साथ ही मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी इंदौर पहुंच चुके हैं। बैठक सुबह 11 बजे होगी। इस बैठक की खासियत यह है कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों के लिए कोई टेबल व कुर्सियां यहां नहीं होंगी,



बल्कि सभी पटिए, मसनद व गद्दों पर बैठेंगे। मप्र सरकार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वां जयंती वर्ष हर्षोल्लास के साथ मना रही है। इस उपलक्ष में इस बार की कैबिनेट बैठक इंदौर के राजवाड़ा में रखी गई है।

मुख्यमंत्री व मंत्रियों के लिए कोई टेबल व कुर्सियां यहां नहीं होंगी, बल्कि सभी पटिए, मसनद व गद्दों पर बैठेंगे

## 20 से 31 मई तक होंगे विविध आयोजन

*मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 मई से 31 मई तक पूरे राज्य में अलग-अलग सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 मई को इंदौर में एक मंचीय कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन के विविध पहलुओं को एक लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह अद्भुत प्रस्तुति नागपुर, महाराष्ट्र से आए सुघड़ कलाकारों की ओर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती को और अधिक स्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार ने 31 मई को भोपाल में भी एक बड़ा आयोजन करेगी।*

प्रधानमंत्री 31 मई को भोपाल में आएंगे !

## महिला सम्मेलन को करेंगे संबोधित

लोकमाता देवी अहिल्या को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का विमोचन

महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन पर केंद्रित सम्मेलन में लेंगी करीब एक लाख महिलाएं भाग

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 31 मई को भोपाल आगमन प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री भोपाल के जंबूरी मैदान में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष के शुभारंभ का प्रतीक यह सम्मेलन महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को समर्पित होगा। सम्मेलन में लगभग एक लाख महिलाएं भाग लेंगी। इसमें भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय सहयोग करेगा। इस मौके पर अहिल्या बाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का विमोचन भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के भोपाल दौरे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक की।*












## खबर संक्षेप

### जीडीपी ग्रोथ 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत की जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई आईसीआरए की रिपोर्ट में दी गई। भारत की विकास दर ऐसे समय पर तेज गति से बढ़ रही है, जब अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उतार-चढ़ाव का सामना कर रही है। भारत में ग्रामीण और शहरी इलाकों में ग्राहक भावना में सुधार हुआ है।





### छात्रा की हत्या कर आरोपी ने लगाई फांसी

**रीवा।** मनगवां में खलबट्टे से मार-मारकर 9वीं की स्टूडेंट की हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने पेड़ से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। एसडीओपी उमेश प्रजापति ने कहा- आरोपी छोटेलाल कोल (22) द्वारा बूटी वर्मा (14) की हत्या करने की बात सामने आई है। दोनों का घर आमने-सामने है। पूर्व परिचित होने के कारण छोटेलाल का बूटी के घर पर आना-जाना था।



### नाचते वक्त मामा के फायर से भांजे की मौत

**आलीराजपुर।** शादी समारोह में मामा के कट्टे से फायर हो गया, गोली 13 साल के भांजे को लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना नानपुर के तिति गांव के चौंगडिया फलिया की है। रविवार रात को बड़ी खट्टाली का रहने वाला पवन चौहान अपने भांजे अजय वास्कले के साथ एक शादी समारोह में गया था। दोनों मामा-भांजे डीजे पर नाच रहे थे। टशन दिखाने के लिए मामा कट्टा लहरा रहा था। इसी दौरान फायर हो गया।



पाकिस्तान से तनाव, ऑपरेशन सिंदूर से लेकर सीजफायर तक... सारा ब्यौरा

# '33 देशों' में जाने से पहले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को मिसरी ने किया ब्रीफ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव पर जानकारी दी। मिस्त्री ने संसदीय समिति को बताया है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। संसदीय समिति का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर कर रहे हैं।

यह समिति भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक, सैन्य और क्षेत्रीय प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार बढ़े तनाव के मद्देनजर हो रही है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। मिसरी की ओर से पैनल को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी गई है। इसमें इस्लामाबाद के साथ राजनयिक संबंधों की वर्तमान स्थिति, सीमा पार सुरक्षा चुनौतियां और क्षेत्रीय स्थिरता पर व्यापक प्रभाव शामिल रहे। विदेश सचिव मिसरी मंगलवार को भी 'भारत एवं पाकिस्तान के संबंध में वर्तमान विदेश नीति घटनाक्रम' पर पैनल को जानकारी देंगे।

1 बताया गया कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच क्या बात हुई

2 भारत के रुख को बताया कि पाक से बात आतंकवाद व पीओके की वापसी पर ही होगी

3 यह भी कि सिंधु जल समझौता, वीजा व व्यापार स्थगित रहेगा

संसदीय समिति का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर कर रहे हैं। यह समिति भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक, सैन्य और क्षेत्रीय प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करेगी

यह ब्रीफिंग मंगलवार को भी दी जाएगी



### 100 से ज्यादा आतंकी ढेर किए, 11 एयरबेस तबाह किए

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने 26 निर्दोष नागरिकों की जान ले ली। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच चार दिनों तक सैन्य तनाव की स्थिति पैदा हो गई। भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमत हुए थे।

### राहुल गांधी समझ नहीं पाए... जयशंकर के बयान को गलत संदर्भ में लिया

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर चल रहे विवाद के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को विदेश मामलों की स्थायी समिति के सदस्यों से कहा कि विदेश मंत्री के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बयान को 'गलत संदर्भ' में लिया गया था। बैठक के दौरान, सदस्यों में से एक ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जयशंकर के मीडिया बयान की क्लिप पर राहुल गांधी के ट्वीट का मामला उठाया, जिसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत सरकार ने वास्तविक हमले से पहले पाकिस्तान को भारत के जवाबी हमले के बारे में सूचित किया था। जवाब में विदेश सचिव ने सदस्यों से कहा कि जयशंकर के बयानों को संदर्भ से बाहर लिया गया।

### राहुल गांधी ने जयशंकर पर किया था हमला

जयशंकर ने पिछले सप्ताह मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था, ऑपरेशन की शुरूआत में, हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। इसलिए सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने और अलग रहने का विकल्प है। उन्होंने उस अच्छी सलाह को न मानने का विकल्प चुना। 'एक्स' पर अपना वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। कांग्रेस नेता ने पूछा, विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इन्हें किसने अधिकार दिया? इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा के भाई पहुंचे थाने

# दिग्विजय समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

- करीब 1 महीने पहले कोर्ट में पुलिस ने इस मामले में खात्मा रिपोर्ट पेश की थी
- कोर्ट ने रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाते हुए इसे खारिज कर दिया और दोबारा जांच के आदेश दे दिए थे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा की मौत का मामला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। सरला मिश्रा के भाई अनुराग मिश्रा सोमवार को भोपाल में के टीटी नगर थाने पहुंचे। उन्होंने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत अन्य पर शिकायत दर्ज कराई है। इस पर टीआई मानसिंह ने जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गौर हो कि फरवरी 1997 में सरला मिश्रा की भोपाल के टीटी नगर स्थित आवास में जलने से मौत हो गई थी।

# निवाड़ी में नदी में डूबने से तीन किशोरों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ निवाड़ी

निवाड़ी जिले में सोमवार को 15 से 17 साल के तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर लुहरगुवा इलाके में वरगी नदी में दोपहर के वक्त हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रोहित (17), रितिक (15) और यशपाल (15) के रूप में हुई है। लुहरगुवा पुलिस चौकी के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक श्यामलाल अहिरवार ने बताया, तीनों रविवार को यहां



एक शादी में शामिल होने आए थे। वे नहाने के लिए नदी में गए और डूब गए। ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। रोहित और यशपाल लुहरगुवा इलाके में रहते थे, जबकि रितिक टीकमगढ़ का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।


8 मई की रात आकाश ने मिला दी थी धूल में

# पाकिस्तान की मिसाइल के निशाने पर था अमृतसर का गोल्डन टेंपल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान ने आठ मई को मिसाइलों और ड्रोन से अमृतसर के गोल्डन टेंपल और पंजाब के अन्य शहरों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी थीं। लेकिन, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें धराशायी कर दिया था। 15वीं इन्फेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल कार्तिक सी. शेषाद्री ने सोमवार को बताया कि सेना के एयर डिफेंस गनर्स ने गोल्डन टेंपल की ओर निशाना कर छोड़े गए सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया था। मेजर जनरल ने कहा कि यह जानते हुए कि पाक सेना के पास कोई तय टारगेट नहीं है। हमने अनुमान लगाया कि वे भारतीय सेना के प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थल सहित रिहायशी इलाकों को निशाना बनाएंगे। इनमें से गोल्डन टेंपल सबसे प्रमुख था। हमने गोल्डन टेंपल को एक पूरा एयर डिफेंस कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक हथियार जुटाए थे। 8 मई की सुबह अंधेरे में पाकिस्तान ने मानवरहित हवाई हथियारों मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया।

■ सेना ने दिखाया लाइव डेमो



### गनर्स ने मंसूबों पर पानी फेरा

उन्होंने कहा कि इस हमले के लिए हम पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि हमें इसकी आशंका थी। हमारे बहादुर आर्मी एयर डिफेंस गनर्स ने पाकिस्तानी सेना के नापाक इरादों को असफल कर दिया और गोल्डन टेंपल पर टारगेटेड सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। भारतीय सेना ने आकाश मिसाइल सिस्टम, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित भारतीयएयर डिफेंस सिस्टम का सोमवार को डेमो भी दिखाया कि किस तरह पाकिस्तानी मिसाइल।



वसीयत में परिवार के अलावा सिर्फ एक पुराने सहयोगी को दिया बड़ा हिस्सा

# अपने पुराने सहयोगी को रतन टाटा दे गए 588 करोड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के सबसे सम्मानित उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा की वसीयत से एक हैरान करने वाली बात सामने आई है। उनकी 3,900 करोड़ रुपए की संपत्ति में से एक बड़ा हिस्सा उन्होंने अपने परिवार के किसी सदस्य को नहीं, बल्कि एक पुराने सहयोगी को दिया है। ताज होटल्स ग्रुप के पूर्व डायरेक्टर मोहिनी मोहन दत्ता को रतन टाटा ने अपनी वसीयत में शामिल किया है। उन्हें करीब 588 करोड़ रुपए की संपत्ति मिलेगी। रतन टाटा की इस वसीयत में कुल 24 लाभार्थी हैं, जिनमें से मोहिनी मोहन दत्ता अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो परिवार से बाहर के हैं। बाकी लाभार्थियों में उनकी सौतेली बहनें दीना जीजीभॉय और शिरीन जीजीभॉय प्रमुख हैं। वसीयत में साफ लिखा गया है कि जो व्यक्ति वसीयत को चुनौती देगा, वह अपने सारे अधिकार खो देगा। इसी नियम को देखते हुए मोहिनी मोहन दत्ता ने बाद में वसीयत की शर्तों को स्वीकार कर लिया। वसीयत के अनुसार, मोहिनी मोहन दत्ता को मिलने वाले 588 करोड़ रुपये पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, क्योंकि भारतीय कानून के अनुसार वसीयत में मिली संपत्ति टैक्स फ्री होती है।

राजधानी में दोपहर में पारा 40.2 डिग्री रहा, जो शाम को 34 डिग्री के करीब पहुंच गया

भोपाल सहित आधे प्रदेश में तीन दिन बरसेंगे बादल, आंधी और बारिश का सिलसिला

# खजुराहो में पारा 46 डिग्री पर पहुंचा, लू भी चली, आसपास बारिश से राहत, कुछ जिलों में आंधी के साथ 'झमाझम'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सोमवार को राजधानी सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में सुबह से शाम के बीच आंधी-बारिश का दौर चला। राजधानी में शाम 4 बजे से घने बादल छाए, लेकिन तेज हवाओं के साथ उड़ गए। शहर के आसपास बारिश दर्ज हुई। इससे दिन का पारा 6 डिग्री तक गिर गया।

दिन के तापमान में 1.1 डिग्री की बढ़त रही, जबकि बारिश के बाद 6 डिग्री से अधिक की कमी आने से उमस-गर्मी से काफी राहत रही। दोपहर में पारा 40.2 डिग्री रहा, जो शाम 34 डिग्री के करीब पहुंच गया। कुछ जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश होने से शाम को गर्मी से कुछ राहत मिली।



### आज यहां आंधी व बारिश का दौर

मंगलवार को बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकला आदि जिलों के साथ ही

वहीं, प्रदेश में सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 46 डिग्री रहा। यहां लू चली। प्रदेश में औसत दिन का पारा 41 डिग्री रहा।



शाही जामा मस्जिद **विवाद**

# इलाहबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज की, अंतरिम आदेश हटाया, अब संभल कोर्ट में जारी रहेगा सर्वेक्षण


एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

शाही जामा मस्जिद, संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की सिविल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के साथ ही अब यह स्पष्ट हो गया है कि संभल की जिला अदालत में चल रही सर्वे संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। बता दें, संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त के जरिये मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया। 13 मई को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**निचली अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था**

संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त के जरिए मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया

अदालत के फैसले के खिलाफ मस्जिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट गई थी



### पिछले साल नवंबर में शुरू हुआ था मामला

यह मामला 19 नवंबर 2024 को उस समय शुरू हुआ जब कुछ याचिकाकर्ताओं ने संभल की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अदालत में याचिका दाखिल कर दावा किया कि मस्जिद का निर्माण 1526 में एक प्राचीन हरिहर मंदिर को तोड़कर किया गया था, जो भगवान विष्णु के अंतिम अवतार 'कल्कि' को समर्पित था। अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने का निर्देश देते हुए दो सप्ताह के भीतर राज्य सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा था।



### मस्जिद को 1920 में संरक्षित स्मारक घोषित किया था

उच्च न्यायालय ने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने यह दलील कि मस्जिद से जुड़ा विवाद 1877 में निपटा लिया गया, इस चरण में स्वीकार्य नहीं है। 1920 में जुमा मस्जिद को 1904 के अधिनियम के तहत एक संरक्षित स्मारक घोषित किया गया था। वादी ने 1920 में घोषित संरक्षित स्मारक में केवल प्रवेश का अधिकार मांगा है। इसलिए निचली अदालत के 19 नवंबर के आदेश में कोई हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।


**मस्जिद पक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने को कहा**
हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने बताया कि हमने 19 नवंबर 2024 को याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। सर्वे दो चरणों में पूरा हुआ। मस्जिद पक्ष सुप्रीम कोर्ट गया, जहां से उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा गया।

## संविधान बलपूर्वक या धोखे से धर्म परिवर्तन का समर्थन नहीं करता

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को मुक्त भाव से अपने धर्म का अनुपालन और उसका प्रचार प्रसार करने का अधिकार देता है, लेकिन यह बलपूर्वक या धोखे से धर्म परिवर्तन का समर्थन नहीं करता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021' के तहत आरोपी चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज करते हुए की। शिकायतकर्ता के मुताबिक, इन आरोपियों ने पैसा और मुफ्त इलाज की पेशकश कर लोगों का ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का प्रयास किया। अदालत ने यह कहते हुए इस मामले को निरस्त करने से मना कर दिया कि ये आरोप गंभीर हैं। अदालत ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता, सामाजिक ताना-बाना को अवरुद्ध न करे और न ही व्यक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द को खतरे में डाले, यह सुनिश्चित करने के लिए ये सीमाएं आवश्यक हैं।

## खबर संक्षेप

### कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसपर सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर को चारमोशी राजमार्ग पर हुई। पीड़ित चारमोशी से आष्टी जा रहे थे, तभी 'यू-टर्न' लेते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

### टेंट पर गिरा बिजली का तार, दो की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के बालोतरा जिले में एक शोकसभा के दौरान टेंट पर बिजली का तार टूटकर गिर गया और करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना बालोतरा जिले में पचपदरा तहसील के उमरलाई गांव में हुई। एक घर में 40 से अधिक ग्रामीण शोक सभा के लिए घर पर एकत्र हुए थे। टेंट के ठीक ऊपर से गुजर रही केबल अचानक गिर गई।

### मालगाड़ी की चपेट में दो लोग आए, एक की मौत



**नोएडा।** दनकौर थाना क्षेत्र के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाइन पर बैठे दो लोग सोमवार को मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पुणे में फर्जी वायुसेना कर्मी को किया गिरफ्तार



**पुणे।** दक्षिणी कमान सैन्य खुफिया और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान पुणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो फर्जी तरीके से वायु सेना का जवान बनकर यहां रह रहा था। आरोपी गौरव कुमार की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी, जिसके आधार पर रविवार रात उसे पकड़ लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जहां दुनिया भर से शरणार्थियों को रखा जा सके

सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें। सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट का तर्क**

हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे

भारत में बसने का अधिकार केवल भारतीयों को ही



### याचिकाकर्ता तमिल युवक को अपने देश में जान का खतरा

2018 में एक ट्रायल कोर्ट ने तमिल युवक को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई। 2022 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने उसकी सजा को घटाकर सात साल कर दिया। हालांकि, सजा पूरा होते ही उसने श्रीलंका वापस जाने से मना कर दिया। उसने दलील दी कि श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है इसलिए उसे भारत में शरणार्थी के तौर पर रहने की इजाजत दी जाए। उसने ये भी बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे भी भारत में ही हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है।


### हम विदेशी नागरिकों का स्वागत नहीं कर सकते

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। याचिकाकर्ता के इस तर्क पर न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि क्या भारत को दुनिया भर से शरणार्थियों की मेजबानी करनी है? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है कि हम हर जगह से विदेशी नागरिकों का स्वागत कर सकें।

### तो अन्य देश चले जाएं

याचिकाकर्ता के वकील ने संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा) और अनुच्छेद 19 के तहत मामले पर बहस की थी। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता की हिरासत अनुच्छेद 21 का उल्लंघन नहीं करती है क्योंकि उसे कानून के अनुसार हिरासत में लिया गया था। अदालत ने बताया कि अनुच्छेद 19 केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। अदालत ने पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? जब याचिकाकर्ता के वकील ने जोर देकर कहा कि वह एक शरणार्थी है और श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है, तो अदालत ने उसे दूसरे देश में चले जाने के लिए कहा।

### अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की याचिका पर सुनवाई आज



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख अली खान महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। इस याचिका में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एसोसिएट प्रोफेसर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया और कहा कि याचिकाओं को मंगलवार या बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। सिब्बल ने कहा उन्हें देशभक्ति वाले बयान के लिए गिरफ्तार किया गया है। चीफ जस्टिस ने कहा इसे कल या परसों सूचीबद्ध किया जाए। ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित मामले में दो प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद प्रोफेसर को रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

संजय राउत को शरद पवार की नसीहत

# अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लोकल पॉलिटिक्स से जोड़ना गलत

- राउत ने सर्वदलीय डेलिगेशन को 'बारात' बताया था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की पोल खोलने और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और उसके पीछे के उद्देश्य को दुनिया को बताने के लिए भारत सरकार ने खास रणनीति बनाई है। केंद्र सरकार की ओर से 32 देशों में अलग-अलग सर्वदलीय डेलिगेशन भेजी जा रही है। इस डेलिगेशन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों और पूर्व मंत्री को शामिल किया गया है। हालांकि, सरकार के इस फैसले पर राजनीति भी खूब हो रही है। शिवसेना यूबीटी राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सर्वदलीय डेलिगेशन को 'बारात' बता दिया है। संजय राउत ने कहा कि इस 'बारात' को भेजने की क्या जरूरत थी। राउत के इस बयान पर एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने ही निंदा कर दी है। शरद पवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लोकल पॉलिटिक्स से नहीं जोड़ना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि ऐसे मामलों में पार्टी के आधार पर फैसले नहीं लिए जाते।

### उनकी पार्टी की सदस्य शामिल

पवार ने कहा कि जब पीवी नरसिम्हा राव पीएम थे, तब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र गया था और तब मैं उस डेलिगेशन का हिस्सा का सदस्य था। शरद पवार ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सबसे अलग हों, तो किसी को पार्टी लाइन पर स्टैंड नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय राउत जो भी कहना चाहते हैं, उन्हें कहने का अधिकार है, लेकिन शायद उनकी पार्टी की एक सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी भी इस डेलिगेशन में शामिल हैं। वहीं, टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पूछा है कि केंद्र सरकार कैसे तय कर सकती है कि तृणमूल का प्रतिनिधि कौन होगा? उन्हें विपक्षी दलों के साथ चर्चा करनी चाहिए थी कि कौन सी पार्टी किसे भेजेगी।


### कांग्रेस से नाम देने को नहीं कहा: रिजिजू

वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के दावों को खारिज करते हुए बताया कि प्रतिनिधिनमंडल भेजे जाने के बारे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सिर्फ शिष्टाचार के नाते जानकारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि हमने उनसे (कांग्रेस) कभी भी नाम देने को नहीं कहा। हमने कहा था कि उनकी पार्टी से उनके चार सहयोगी मिशन का हिस्सा होंगे। रिजिजू ने कहा कि हमने किसी पार्टी की अंदरूनी बातों और असुरक्षाओं को ध्यान में नहीं रखा। हमने सलमान खुर्शीद और पंजाब से उनके सांसद अमर सिंह को भी चुना।

फिर विवादों में यूट्यूबर ध्रुव राठी

## सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाया, एसजीपीसी नाराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है।

### सिख समुदाय की भावनाएं आहत

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है और इससे सिख समुदाय की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने लिखा है कि मैं ध्रुव राठी के हालिया वीडियो की निंदा करता हूं, जो न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि सिख भावनाओं का अपमान भी करता है।

6210 करोड़ मामले में ईडी की कार्रवाई

## यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन एसके गोयल गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कोलकाता ज़ोनल ऑफिस की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को 16 मई को दिल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कंकास्ट स्टील एंड पावर लि. को अनुचित लाभ पहुंचाने में की गई।

### सीबीआई की एफआईआर पर हुई जांच

इस मामले की जांच सीबीआई के द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कंकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड को यूको बैंक सहित कई बैंकों द्वारा दिए गए कर्ज में भारी हेराफेरी और गबन का आरोप है। ये घोटाला करीब 6210.72 करोड़ रुपए (बिना ब्याज) का है। सुबोध कुमार गोयल के कार्यकाल में यूको बैंक द्वारा सीएसपीएल को भारी क्रेडिट सुविधाएं दी गई थीं, जिन्हें बाद में जानबूझकर गलत तरीके से डायवर्ट और गबन किया गया।

## अमित शाह ने ओसीआई का नया पोर्टल लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) का नया पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल का उद्देश्य ओसीआई कार्ड धारकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और उनके अनुभव को सुधारना है। अमित शाह ने कहा कि नए ओसीआई पोर्टल के लॉन्च होने से ओसीआई कार्ड धारकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और उनके अनुभव को सुधारने में मदद मिलेगी। पोर्टल में नवीनतम तकनीकी प्रगति का उपयोग किया गया है, जिससे यह अधिक सुरक्षित और उपयोगकर्ता-मित्र हो। नए पोर्टल के माध्यम से ओसीआई कार्डधारक आसानी से आवेदन और नवीनीकरण कर सकते हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, पिछले एक दशक में हुई महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और ओसीआई कार्डधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया को देखते हुए मौजूदा कमियों को दूर करने और उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नया ओसीआई पोर्टल विकसित किया गया है।

रीवा में केंद्रीय विश्वविद्यालय और एनआईटी की मांग

## भाजपा नेता गौरव तिवारी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात, पत्र सौंपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता गौरव तिवारी ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते हुए पत्र लिखकर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा को केंद्रीय विश्वविद्यालय और रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अपग्रेड करने की मांग की है। उन्होंने विंध्य क्षेत्र के शैक्षणिक विकास और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह अनुरोध किया है। तिवारी ने लिखा कि रीवा, अतीत में विंध्य प्रदेश की राजधानी रहा है, और यहां यूपी व बिहार से बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। एपीएसयू विंध्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, जो 65 से अधिक संबद्ध कॉलेजों के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है।



### इंजीनियरिंग कॉलेज को एनआईटी में करें अपग्रेड

उन्होंने रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज को एनआईटी में अपग्रेड करने की भी आवश्यकता बताई। तिवारी ने कहा कि आरईसी दशकों से तकनीकी शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, लेकिन एनआईटी का दर्जा न मिलने से छात्रों को उच्च स्तरीय शोध और अवसरों से वंचित रहना पड़ रहा है। एनआईटी बनने से कॉलेज में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और शोध के अवसर मिलेंगे। उन्होंने शिक्षा मंत्री से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है, जिससे रीवा और विंध्य क्षेत्र के छात्रों और शिक्षकों को लाभ होगा।

जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति से पूछताछ लगातार जारी

# 'देश से गद्दारी' के लिए उसने इस्तेमाल किए थे 3 एप

एजेंसी ▶▶ हिसार

पिछले दिनों फेमस ट्रैवल ब्लॉगर और यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हरियाणा पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। ऐसे आरोप हैं कि वह पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारियां पहुंचा रहीं थी। गिरफ्तारी के बाद हरियाणा पुलिस और जांच एजेंसियां लगातार उससे पूछताछ कर रही हैं। इस मामले में पुलिस की और से बताया गया है कि ज्योति मल्होत्रा ने वाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचेट जैसे एप्स का इस्तेमाल करके खुफिया जानकारी पाकिस्तान भेजी थी। बता दें कि ज्योति का यूट्यूब चैनल ट्रेवल विथ जो काफी मशहूर है और इसके 3.77 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। इसी तरह इंस्टाग्राम पर भी उसके 1.33 लाख फॉलोअर्स हैं। अपने प्रोफाइल में वह खुद 'पुराने खयालों की मॉडर्न लड़की' बताती है।

ज्योति ने जनवरी में पहलगाम का टूर भी किया था

थार में जाकर बॉर्डर के बेहद करीब के वीडियो बनाए



**ज्योति का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद :** ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिया गया है। ट्रैवल विद जो नामक इंस्टाग्राम अकाउंट को खोलने पर दिस पेज नॉट फाउंड का मैसेज आ रहा है। इंस्टाग्राम अकाउंट बंद होने के साथ ही अब उसके यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट पर खतरा मंडरा रहा है। जांच एजेंसियों को संदेह है की ज्योति मल्होत्रा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चैनलों पर अपलोड किए गए वीडियो सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। इसी के चलते यह कदम उठाया गया है।

### पहलगाम हमले के लिए हम खुद जिम्मेदार

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान ज्योति पीआईओ के संपर्क में थी। ज्योति ने जनवरी में पहलगाम का टूर भी किया था। इस दौरान कश्मीर की हर मुख्य जगह की वीडियो है। पहलगाम आतंकी हमले पर ज्योति ने कहा था कि इसके लिए हम खुद भी जिम्मेदार हैं। हमें निगरानी रखनी चाहिए। आतंकियों को सपोर्ट करने वालों को क्या कहूं। आतंकियों का साथ देने वाला भारतीय नहीं है। हमले के लिए सरकार भी जिम्मेदार है। ज्योति ने थार में जाकर बॉर्डर के बेहद करीब के वीडियो भी बनाए हैं। जिसमें बार्डर की तारबंदी भी दिखाई दे रही थी। इसके बाद ज्योति पहलगाम भी गई थी। वहां वह किन किन लोगों से मिली। किस तरह से वहां वीडियो बनाए। इनको लेकर जांच एजेंसियां जांच में जुट गई हैं।

## हाई कोर्ट ने रादुविवि कुलसचिव सहित अन्य को नोटिस जारी कर तलब किया जवाब

# पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के पूर्व निदेशक की डिग्री पर उठे सवाल

### यदि जवाब पेश नहीं किया गया तो एकपक्षीय आदेश पारित करने की दी चेतावनी



जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल आफ एक्सीलेंस के पूर्व निदेशक डा. जितेंद्र किशोर भार्गव की डिग्री पर सवालिया निशाल के मामले में जवाब-तलब किया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलसचिव सहित अन्य को नोटिस जारी किये हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि जवाब नहीं आया तो एकपक्षीय आदेश पारित कर देंगे।

याचिकाकर्ता पीजी मेडिसिन तृतीय वर्ष की छात्रा डा. रुद्रिका भटेले, डा. विपिन पटेल व सुमित वर्मा की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि डा. जितेंद्र भार्गव ने अपेक्षित अवधि से पूर्व डिप्लोमा कर लिया और डिग्री भी प्राप्त कर ली। डिग्री और डिप्लोमा एक ही समय प्राप्त किए गए। नियमानुसार यह अनुचित है। संभागायुक्त ने शिकायत पर रादुवि को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 15 मार्च, 2024 को मामले में संज्ञान लेकर डा. भार्गव को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने का आदेश भी दिया गया था। लेकिन रादुवि अकादमिक परिषद ने कोर्ट में मामला होने के कारण कार्रवाई नहीं की थी। अब जबकि कोई स्टे आर्डर पारित नहीं हुआ, तब भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां तक कि दो जनवरी, 2025 की बैठक में डा. भार्गव की डिग्री व डिप्लोमा निरस्त करने का निर्णय लिया गया थ, लेकिन इस बार भी याचिका लंबित होने के आधार पर कार्रवाई लंबित रखी गई। हाई कोर्ट रादुवि को जवाब पेश करने निर्देश दे चुका है लेकिन जवाब नदारद है।

## व्यापमं घोटाले के मुख्य आरोपियों में शुमार डॉ सुधीर शर्मा के विरुद्ध पंजीबद्ध 4 प्रकरण निरस्त

### सबूतों के अभाव में हाईकोर्ट ने एफआईआर की खारिज

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित व्यापमं घोटाले के एक मुख्य आरोपी डॉ सुधीर शर्मा के विरुद्ध पंजीबद्ध 4 प्रकरण सबूतों के अभाव में खारिज कर दिए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन ने कहा कि यह मामला कुछ गवाहों के बयानों पर आधारित है। सीबीआई द्वारा प्रस्तुत चार्जशीट व एक्सल शीट में कहीं भी यह नहीं पाया गया कि उनके द्वारा कोई भी आर्थिक लाभ लिया गया हो। इसके अलावा यह भी साबित नहीं हुआ कि डॉ शर्मा द्वारा किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी आर्थिक संवयवहार नहीं किया गया है।क्रिस्प के पूर्व चेयरमैन डॉ सुधीर शर्मा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रारंभिक तौर पर एसटीएफ ने आरोपी बनाया था और बाद में मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया था। डॅ शर्मा को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2012, पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2012, संविदा शाला शिक्षक वर्ग-2 परीक्षा 2011 और वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2013 में आरोपी बनाया गया था। सीबीआई ने चार्जशीट पेश की थी। उसी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। दलील दी गई कि राजनैतिक दुर्भावना के चलते डॉ शर्मा का नाम घोटाले में शामिल किया गया।गौरतलब है कि वर्ष 2012 में व्यापमं घोटाले में नाम जुड़ने के बाद डॉ शर्मा विवादों में आए। उन पर आरोप है कि उनकी सिफारिश पर पंकज त्रिवेदी को परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया था, जिससे परीक्षा में भारी गड़बड़ियां और भ्रष्टाचार हुआ। उन पर आरोप था कि उन्होंने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी थी।

## एक करोड़ 72 लाख की धोखाधड़ी के आरोपित संदीप ठाकुर को जमानत नहीं

**दूसरी बार दायर की थी अर्जी**

**जबलपुर** । अपर सत्र न्यायाधीश महिमा कछवाहा की अदालत ने एक करोड़ 72 लाख की धोखाधड़ी के आरोपित बजरंग नगर, करमेता, माढ़ोताल निवासी संदीप ठाकुर की दूसरी जमानत अर्जी भी निरस्त कर दी। मामला आवासीय कालोनी विकसति करने के अनुबंध से संबंधित है। कोर्ट ने पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अपने आदेश में साफ किया कि प्रथमदृष्ट्या आरोपित के निर्दोष होने की संभावना प्रकट नहीं हो रही है। छल व आपाधिक न्याय भंग गंभीर प्रकृति का आरोप है, इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती।

मामले की सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सरोज तिवारी ने जमानत आवेदन का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपित आवेदक के विरुद्ध माढ़ोताल पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उस पर आरोप है कि उसने रिमझा स्थिति मेसर्स गजानन डवलपर्स पार्टनर पंकज सराफ, प्रकाश अग्रवाल की कृषि भूमि में आवासीय कालोनी विकसित करने का अनुबंध किया था। दो माह में विकास कार्य पूर्ण करने का वादा किया था। आपसी सहमति से यह अवधि तीन माह तक बढ़ाई जा सकेगी। इसके साथ ही 850 रुपये वर्गफीट के हिसाब से भूखंडों का विक्रय आवेदक विकासकर्ता की हैसियत से करेगा। प्राप्त होने वाली राशि भूमि स्वामी आपत्तिकर्ताओं को देगा। लेकिन आवेदक ने ऐसा नहीं किया। कई बार भुगतान के लिए कहने पर भी राशि हड़पे रहा। यहां तक कि आपत्तिकर्ताओं को परिवार सहित जान से मारने की धमकी पर उतारू हो गया। इस वजह से आपत्तिकर्ता व उनके परिवार असुरक्षित अनुभव कर रहे हैं। यदि जमानत का लाभ मिला तो आवेदक साक्ष्यों को प्रभावित कर सकता है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर जमानत देने से इनकार कर दिया।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा करेगी ऐतिहासिक आयोजन

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जन जन तक पहुंचाने हेतु 21 मई से 31 मई तक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस हेतु एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती भाजपा मनाने जा रही है जिसमें 21 मई से महिला प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम प्रारंभ होंगे जो उनकी जयंती 31 मई तक आयोजित होंगे, 22 मई को रंगोली प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, बुद्धिजीवी सम्मेलन, महिला मैराथन,देवी अहिल्याबाई होलकर कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन होगा, 27 मई को बालिका सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, 28 मई को मंदिर मठ एवं घाटों के सफाई अभियान, 29 मई को नृत्य नाटिका, 30 मई को भाषण प्रतियोगिता एवं 31 मई को देवी अहिल्या बाई जयंती के दिन शौर्य यात्रा आयोजित की जाएगी। बैठक को राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने धार्मिक एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेकों काम किए कई मंदिरों का निर्माण करवाया और भारत के उत्थान हेतु अद्वितीय कार्य किए उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रमो के माध्यम से उनकी गौरव गाथा जन जन तक पहुंचाई जाएगी।बैठक को पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले एवं अश्विनी परांजपे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जय सचदेवा ने रखी। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज बिज, जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राममूर्ति मिश्रा, रूपा राव मंचासीन थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सिंदूर यात्रा आज

**जबलपुर**। आतंकवाद को मिटाने भारत की सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंगलवार 20 मई को शाम 4 बजे जबलपुर महानगर में मातृ शक्ति द्वारा सिंदूर यात्रा निकाली जाएगी।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया मंगलवार को शाम 4 बजे शहीद भगतसिंह चौक कटंगा से आद्य शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक तक निकाली जाने वाली सिंदूर यात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी करेंगी जिसमे बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल होगी।

**इंदौर, भोपाल, शामिल, जबलपुर को विकसित करने योजना क्यों नहीं..?**

# जबलपुर भी बने मेट्रोपॉलिटन रीजन

जबलपुर।

विकसित भारत की परिकल्पना वर्ष 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा इंदौर भोपाल क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन रीजन के तौर पर विकसित करने की योजना बनाई गई है जिससे आने वाले वर्षों में समग्र तौर पर यह क्षेत्र विकसित हों तथा यह क्षेत्र स्वयं में आत्मनिर्भर बन सकें। इस आशय पर फेडरेशन ऑफ़ मध्य प्रदेश चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने प्रदेश शासन को सुझाव दिया है की जबलपुर में भी मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित होना चाहिए क्योंकि यहां की आबादी भी तेजी से बढ़ रही है, संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है तथा समग्र समुचित विकास का आभाव भी देखने में आ रहा है। इस हेतु सुझाव उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है जिसमें जबलपुर, कटनी, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर आदि जिलों की तहसीलों को मिलाकर जबलपुर मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाया जाए। हिमांशु खरे ने बताया कि वृहद स्तर पर इस सकारात्मक सोच को परिणाम तक पहुंचाया जा सकता है जिसमें नई सैटलाइट टाउनशिप, ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट्स, रिन्यूएबल एनर्जी पार्क, नवीन औद्योगिक क्लस्टर, एजुकेशन जोन, मेडिसिटी आदि योजनाओं को समाहित कर एक मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा की चूंकि इंदौर तथा भोपाल विकसित हैं एवं जबलपुर विकासशील है अतः यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि विकासशील क्षेत्र को विकसित किया जाए जिससे महाकौशल क्षेत्र को यह लाभ प्राप्त हो सके।

### बुनियादी ढांचे और स्मार्ट सिटी का करेंगे विकास

जबलपुर संघर्ष समिति के बलदीप मैनी, मनु शरत तिवारी, सोहन परोहा, सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रयास से नए उद्योगों और निवेशकों को आकर्षित करने का अवसर मिलेगा। नई टाउनशिप, लॉजिस्टिक पार्क, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। स्वच्छता, सीवरेज, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

### पर्यावरण और जल संरक्षण पहली प्राथमिकता

जबलपुर संघर्ष समिति के जितेन्द्र पचौरी, दीपक सेठी, प्रीति चौधरी, मुनींद्र मिश्रा, अनुराग जैन के अनुसार इस योजना से पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए हरे क्षेत्रों और जल स्त्रोतों को संरक्षित किया जाएगा। झीलों, तालाबों और छोटे नदियों को भी संरक्षित किया जाएगा। जबलपुर को मेट्रोपॉलिटन रीजन के तौर पर विकसित करने जबलपुर संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा करेगा।

# जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के निर्देश

### 26 मई को सिहोरा में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियां शुरु

**जबलपुर**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने निर्देश दिये हैं की सभी जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाए. श्री गहलोत यहां कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक को संबोधित कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्होंने समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की एक एक प्रकरणों की समीक्षा की गई और प्राथमिकता के साथ विधि सम्मत उनका निराकरण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण बगैर अटेंडेंट किये बंद न किये जाएं। 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करें। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि सभीप्रकरणों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. बैठक में जानकारी दी गई की आगामी 26 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम प्रस्तावित है. इन कार्यक्रमों की तैयारियां अभी से शुरु कर दी जाएं। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। ई-फाईलों का मूवमेंट के लिए प्रशिक्षण लें और इसे मूर्त रूप में लायें। साथ ही कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी विभागों की भूमिका सुनिश्चित हो। संबंधित अधिकारी तालाब निर्माण, गहरीकरण, स्टॉप डेम बनाने का कार्य करें। साथ ही जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में कार्य करें और जलीय जीवों को संरक्षण दें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि सभी जलीय संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करें और यदि कहीं ऐसे जल संरचनाओं पर अतिक्रमण है तो उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू कर दें।

## पार्षद मद के कार्य पूर्ण कराये जाएं : महापौर

**जबलपुर**। शहर में चल रहे विकास कार्यो की प्रगति जानने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पी.डब्लू.डी. विभाग एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी ली। इस अवसर पर दोनो विभागों के अधिकारियों ने प्रचलित और प्रस्तावित कार्यो की जानकारी दी, जिसके उपरांत महापौर अन्नू ने निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25 के पार्षद मद के कार्य तत्काल रूप से पूर्ण कराये जाएं। महापौर अन्नू ने समीक्षा बैठक के दौरान यह भी निर्देशित किया कि मानसून आगमन के पूर्व जितने भी डामलीकृत सड़क निर्माण के लिए कार्यादेश जारी हो गए हैं उन सभी कार्यो को प्रारंभ कराकर मानसून के पूर्व हर हाल में पूर्ण कराएं।समीक्षा बैठक के दौरान महापौर एवं निगमायुक्त ने सिटी ब्यूटीफिकेशन के साथ-साथ सड़क ब्यूटीफिकेशन के लिए भी विशेष फोकस करने और कार्य प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये । इन कार्यो को भी यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लोककर्म विभाग की बैठक के उपरांत



महापौर एवं निगमायुक्त ने उद्यान विभग के कार्यो की भी जानकारी ली और जितने भी कार्यादेश जारी हो चुके हैं, वे सभी कार्यो को एक सप्ताह के अंदर शुरू कराने अधिकारियों को निर्देश दिये गए।उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर ने स्पष्ट रूप से अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्य की शुरूआत और पूर्णतः करने के बीच में हीलाहवाली करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में विभाग प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, के साथ अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, संभागीय यंत्री, उद्यान अधिकारी एवं उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

## अभाविप के 'गुरुकुल 2.0' व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

हरिभूमि, जबलपुर।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर द्वारा आयोजित त्रि दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर गुरुकुल 2.0 'द विनिंग मंत्र ' का समापन सत्र, जिसमें मुख्य रूप से ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल के संस्थापक डॉ अनुराग सोनी, महाकोशल प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव,महानगर मंत्री ऐश्वर्य सोनकर उपस्थित रहे।जिसमें प्रांत संगठन मंत्री जी ने छात्रों के बीच अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने गुरुओं की हमारे जीवन में क्या भूमिका होती है वो किस प्रकार से हमें निखारने का काम करते हैं एवं जीवन को सही दिशा दिखाते हैं। साथ ही संगठनात्मक परिचय व छात्रों से व्यक्तिगत चर्चा की ।वहीं अनुराग ने बताया कि सफलता का मूल मंत्र हमारी मेहनत है। हमें किस प्रकार से इस सोशल मीडिया के जमाने में रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ना है साथ ही समाज के लिए भी कार्य करना है । कार्यक्रम के समापन के बाद महानगर मंत्री ऐश्वर्य सोनकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कलेक्टर की रिपोर्ट से हाईकोर्ट नाखुश आज फिर से पेश करने के निर्देश

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजेश वर्मा पर महिला अधिकारी से अभद्रता के मामले में कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत सीसीटीवी के संचालन के संबंध में रिपोर्ट पर असंतोष जताया। कोर्ट ने कहा कि पिछले आदेश पूरी तरह से पालन नहीं हुआ है। कुलपति के कमरे में घटना के दिन सीसीटीवी कैमरे काम कर रहा था या नहीं, इस बारे में रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वे इस संबंध में जांच कमेटी द्वारा जब्त दस्तावेज, गवाहों के बयान और अन्य तत्वों का परीक्षण कर मंगलवार को रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने कहा कि यदि कलेक्टर का हलफनामा संतोषजनक नहीं पाया गया तो पूरी जांच किसी तीसरी एजेंसी को सौंप देंगे।

दरअसल, कोर्ट ने 8 मई को कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि फॉरेन्सिक व तकनीकी विशेषज्ञों से इस बात की जांच कराएं कि घटना के दिन सीसीटीवी कैमरा काम कर रहा था या नहीं। गौरतलब है कि कुलगुरू द्वारा महिला अधिकारी से अभद्रता की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा कमेटी को यह कहा गया कि घटना के दिन सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा था।पीड़ित महिला अधिकारी की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर 2024 को एक मीटिंग के दौरान कुलगुरु ने अभद्र इशारा किया था। सभी के सामने कुलगुरु ने मर्यादा के विपरीत अशोभनीय टिप्पणी के अलावा अभद्र इशारा भी किया।

### जिला पंचायत की बैठक में बनीं रुपरेखा

## गांव के विकास और पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर



**जबलपुर**।कलेक्टर दीपक सक्सेना ने गांव और ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को प्रशासन की पहली प्राथमिकता बताते हुये कहा है कि जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे इसके लिये पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। श्री सक्सेना जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत के सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के मुद्दे पर जिला पंचायत सदस्यों के बीच आपसी समझ और समन्वय की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से निरन्तर संपर्क में रहने की वजह से पंचायत प्रतिनिधियों से मिलने वाला फीडबैक एवं उनसे मिलने वाले सुझाव गांव की विकास की जरूरतों को पूरा करने और ग्रामीणों की कठिनाइयों के निराकरण में हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। श्री सक्सेना ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिये उनसे कभी भी मोबाइल फोन पर संपर्क कर सकते हैं या व्हाट्स एप पर संदेश टाइप कर भेज सकते हैं।

कलेक्टर ने जिला पंचायत सदस्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के सरंक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदार निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों पर भी जिला पंचायत सदस्यों से चर्चा की। जिला पंचायत सदस्यों ने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों से गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में कई गुना सुधार हुआ है, ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुँचने लगा है। लेकिन कुछ गांव ऐसे हैं जिनका विस्तार होने की वजह से नई बसाहटों में नल कनेक्शन से पानी नहीं पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में घर-घर जल आपूर्ति के लिये बिछाई गई पाइप लाइनों के क्षतिग्रस्त होने पर शीघ्र मरम्मत कराने की अपेक्षा भी सदस्यों ने व्यक्त की।

बैठक में समर्थन मूल्य पर धान और गेहूं की उपार्जन की व्यवस्था को बेहतर बनाने जिला पंचायत सदस्यों ने सुझाव दिये। सदस्यों ने कहा कि सिकमी के नाम पर होने वाले फर्जी पंजीयन पर और सख्ती बरती जानी चाहिये। जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र में शराब के अवैध विक्रय तथा रेत के अवैध उत्खनन को रोकने प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुये घाटों से रेत का अवैध उत्खनन करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने का आग्रह किया। जिला पंचायत सदस्यों ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने की कार्यवाही, उपार्जन व्यवस्था में सुधार लाने और राजस्व रिकार्ड रूम को नया स्वरूप देने के लिये कलेक्टर श्री सक्सेना की तारीफ की।

## दो पहिया वाहन चालक गड्ढों से गिर कर हो रहे घायल

# भेड़ाघाट सरस्वती घाट मोड़ पर गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि भेड़ाघाट।

भेड़ाघाट चौराहा से धुंआधार जलप्रपात तक की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं भेड़ाघाट जाने वाले मुख्य मार्ग के आस पास की बस्तियों का पानी बहकर सड़क पर गढ्डों में जमा हो रहा है जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लोकनिर्माण विभाग द्वारा बोल्डर डालने से दो पहिया वाहन चालक गिर रहे हैं लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस सड़क पर गढ्डों से आये दिन सड़क पर दुघर्टना हो रही है भेड़ाघाट पर्यटन स्थल की छवि धूमिल हो रही है 6 साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क का सुधार का कार्य किया गया था लेकिन उसके बाद सड़क का मेंटेनेंस नहीं किया गया जिससे ना केवल पयर्टकों को बल्कि आसपास रहने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है भेड़ाघाट और धुआंधार का लुत्फ उठाने शहर ही नहीं बल्कि कर्इ राज्यों और विदेशी पर्यटकों का रोजाना आगमन होता है खस्ता हाल सड़क से दुर्घटनाएं घट रही है।





### धूल के गुब्बारों से हो रहीं दुर्घटनाएं

भेड़ाघाट विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग 12से सड़क पर धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं और आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता विघासागर दुबे, राजबहादुर बर्मन, रंजीत सेन, शासन प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की गई।

### झूमते रहते हैं शराबी

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों का नजारा देखने पर्यटक देश विदेश से आते हैं साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा वासी डेली हजारों की संख्या में नर्मदा प्रेमी श्रद्धालुजन दर्शन करने आते हैं भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग पर देशी विदेशी दुकान होने से झूमते शराबियों का नाटक देखा जा सकता है कई शराबियों की ज्यादा शराब होने पर सड़क किनारे पड़े रहते हैं यह शराबी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल की छवि धूमिल मिल कर रहे हैं। शराब दुकान इस मार्ग पर होने से मांस मंदिरा की दुकानें भी नर्मदा भक्तों को आहत कर रही हैं नर्मदा तट से 5किलोमीटर का भी आबकारी विभाग उल्लंघन कर रहा है शराब की दुकान मात्र 3किलोमीटर की दूरी पर खुली है राज्य सरकार की मंशा पर आबकारी विभाग और शराब ठेकेदार हावी है तभी तो मुख्यमंत्री डॉ, मोहन के मंसूबों पर पानी फेरा जा रहा है।

### सरस्वती घाट मोड़ पर भयानक जानलेवा गढ्डा

सड़क किनारे सरस्वती घाट मोड़ पर गड्ढा खोदा गया है जो समझ में नहीं आ रहा हैं कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यह मौत का गढ्डा क्यों खोदा गया है यह समझ से परे हैं जब किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना होने के बाद ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी चेतेंगे क्या।



## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया मेधावी छात्रों का अभिनंदन

# नौनिहालों की उपलब्धियां समाज के साथ-साथ राष्ट्र को भी करती हैं गौरवान्वित

**जबलपुर**। समाज के नौनिहाल जब उपलब्धियां हासिल करते हैं तो परिवार के साथ-साथ समूचे समाज को गौरवान्वित करते है। कायस्थ समाज में ऐसी अनेक प्रतिभायें है जो अपने हर कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है इसका जींवंत जागता उदाहरण गत दिनों एम.पी. बोर्ड एवं सी.बी.एस.ई की कक्षा 10वी एवं 12 वीं में छात्रों ने अपनी परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समग्र कायस्थ समाज का न केवल गौरवान्वित किया बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिये भी प्रेरणा का कार्य किया। उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओं ने अखिल भारतीय कायस्थ द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम जबलपुर के माननीय महापौर श्री जगत बहादुर सिह अन्नू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिंकू विज ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जबलपुर केंट विधायक अशोक रोहाणी, वरिष्ठ समाजसेवी लेखराज सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा शैलेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष श्री सुनील श्रीवास्तव, डा रेनू श्रीवास्तव, एवं विवेक खरे उपस्थित रहे। कक्षा 10वीं एवं12 वीं मे अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले कायस्थ प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। जिसमें अवनी श्रीवास्तव-96.61प्रतिशत,क्षितिज श्रीवास्तव-96.2प्रतिशत, अंशिका श्रीवास्तव-95.6 प्रतिशत, आकृति अस्थाना 98.41 प्रतिशत, आशुतोष सक्सेना-92 प्रतिशत आदि का समाज की ओर से अतिथियों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं अभिनंदन पत्र भेंट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों का अभिनंदन संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट देकर किया गया।

## दो लाख से अधिक की वसूली

# सिहोरा नगर पालिका ने 5 दुकानों को किया सील



**सिहोरा**। नगर पालिका स्वामित्व की भवन भूमि प्लाट किराया दुकानो की कार्यवाही निकाय अमले के दल द्वारा सिहोरा एवं खितौला में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र कुमार ओझा के निर्देशन में की जा रही है। बकायादारों से प्रीमियम राशि एवं बकाया किराया जमा किए जाने हेतु मुनादी द्वारा सूचित कर कार्यवाही लगातार की जा रही जिसमे अभी तक की कार्यवाही में 5 दुकानों को सील किया गया एवं दुकानदारों से बकाया किराया राशि 2 लाख 93 हजार रुपए वसूल किए गए एवं यह कार्यवाही लगातार की जावेगी जिनकी भी प्रिमियम राशी या बकाया किराया बाकी होगा उनकी दुकानों को सील किया जायेगा।नगर पालिका ने समस्त बकायादारो से अपील की है कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बकाया राशि जमा करें और किसी भी तरह की कार्यवाही से बचें

नगर पालिका द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान नपा के सुशील वर्मा, मनोज खम्परिया, रवि बर्मन, चमन श्रीवास, अनिल गर्ग, देवी साहू, अरुण उपाध्याय, संतोष तिवारी, मुकेश नारायण बिल्हा, पार्थ गौतम, वीरेंद्र तिवारी, संजय पाठक, इम्तियाज़ खान, अनिकेत तिवारी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।



## आशीष पाण्डेय बने नगर निगम के अधिवक्ता

**जबलपुर**। आशीष पाण्डेय को नगर निगम जबलपुर ने अधिवक्ता नियुक्त किया है। श्री पाण्डेय जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर में नगर निगम की तरफ से अपना पक्ष रखेंगे। शुभचिंतकों ने उनको बहुत-बहुत बधाई दी है।

## अधिकांश मांगों पर बनी सहमति

# सिहोरा में सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि सिहोरा।

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की विगत करीब 7 दिनों से चली आ रही हड़ताल सोमवार को पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा के दखल एंव हड़ताली सफाई कर्मचारियों से सौहार्द पूर्ण वातावरण में हुई बातचीत में पेमेंट सहित अनेक मांगों पर सहमति बनने के बाद समाप्त हो गई।



### दस तारीख तक वेतन का आश्वासन

सीएमओ ओझा ने सभी कर्मचारियों को जहां एक से दस तारिख तक वेतन करने का आश्वासन दिया वहीं शेष मांग जो राज्य शासन के स्तर की है उनको सरकार तक पहुंचाने एंव बाकी परिषद की बैठक में रखने का भरोसा दिलाया।

### सफाई कर्मचारियों में खुशी का माहौल

नगर पालिका सिहोरा में नगर के 18 वाडों की सफाई हेतु नियमित विनिमय एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या लगभग 150 है जो हड़ताल पर थे ।अब सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी में खुशी का माहौल देखने को मिला और उन्होंने खुशी में जूलूस भी निकाला गया।

### काम पर लौटे सभी कर्मचारी

हड़ताल समाप्त होने के बाद अब सभी सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट आये है और जो विगत दिनों से शहर की पटरी से सफाई व्यवस्था उतर गई थी वो पुनःपटरी पर आ जायेगी जिससे सिहोरा खितौला फिर से साफ सुथरे दिखने लगेंगे।

## 6 जून को धरना एवं आमसभा

# विधायक कार्यालय में घंटा शंख बजाकर करेंगे जिला आंदोलन की शुरुआत

**सिहोरा**। विधानसभा चुनाव के पूर्व सिहोरा जिला बनाने का वादा कर चुकी सरकार और जनप्रतिनिधियों के मौन को अब सिहोरावासी घंटा शंख बजाकर दूर करेंगे। यह घोषणा लक्ष्य जिला आंदोलन समिति ने की है। इसकी शुरुआत 20 मई को विधायक कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर की जावेगी।इसके बाद क्रमशः सभी नेताओं के घर प्रदर्शन किया जाएगा।

### स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन

आंदोलन समिति ने घोषणा की कि शहर के सारे जिम्मेदार राजनेताओं के घर के बाहर आगामी 20 मई से 5 जून तक शंख घंटा और थाली बजाकर सिहोरा जिला के लिए आगे आने का आह्वान किया जाएगा।जिन नेताओं के घर प्रदर्शन होना है उनमें सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े,बहोरीबंद विधानसभा प्रणय पांडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,जिला ग्रामीण महामंत्री राजेश दाहिया,राजा मोर,शिशिर पांडे,अंकित तिवारी,माधव मिश्रा,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री प्रमुख है। नेताओं के घर प्रदर्शन के बाद 6 जून को बस स्टेंड सिहोरा में विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए एक आमसभा आयोजित की जावेगी।इस धरना प्रदर्शन में सिहोरा के साथ साथ मझौली,ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद क्षेत्र के आमजन भी शामिल होंगे।

राज्य सरकार के संशोधित नियम को कोर्ट ने असंवैधानिक घोषित किया, नए नियम बनाने के निर्देश

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसलाः एलोपैथी, आयुष डॉक्टर्स की तरह वेटरनरी डॉक्टर्स भी 65 साल में होंगे रिटायर

**जबलपुर**। प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग में कार्यरत वेटरनरी डॉक्टर्स के लिए मप्र हाईकोर्ट से राहत भरी खबर है। हाईकोर्ट के इस फैसले से वेटरनरी डॉक्टर्स को भी मेडिकल व आयुष डॉक्टर्स के समान 65 वर्ष की आयु में रिटायरमेंट का लाभ मिल सकेगा। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार द्वारा मप्र शासकीय सेवा (अधिवार्षिकी आयु) नियम में किए गए संशोधन को असंवैधानिक व भेदभावपूर्ण ठहराते हुए निरस्त कर दिया। इस संशोधन के जरिए मेडिकल व आयुष डॉक्टर्स की सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष कर दी गई थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वेटरनरी डॉक्टर्स को भी 65 साल में रिटायर किया जाए। इसके लिए सरकार उचित प्रावधान व नियम निर्धारित करे। तब तक हाईकोर्ट का यह फैसला प्रभावी रहेगा।

शहडोल के डॉ ओपी सिंह,सीधी के डॉ वीपीएस चौहान सहित अन्य की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने कोर्ट को बताया कि सभी याचिकाकर्ता राज्य सरकार के पशुपालन व डेयरी विभाग में वेटरनरी डॉक्टर्स हैं। सभी की नियुक्तियां 1983-1988 के बीच हुई थी। उस समय उनकी सेवानिवृत्त की आयु 60 वर्ष थी। सरकार ने 6 मई 2011 को जारी गजट नोटिफिकेशन में मेडिकल व आयुष डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु 62 से 65 वर्ष कर दी। जबकि याचिकाकर्ताओं की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष ही रही। इसके बाद 31 मार्च 2018 को सरकार ने फिर नोटिफिकेशन जारी किया और वेटरनरी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से 62वर्ष कर दी। अधिवक्ता गुरु ने तर्क दिया कि वेटरनरी डॉक्टर्स का कार्य भी चिकित्सा करना है। इसलिए मेडिकल व आयुष डाक्टर्स के समान ही उनका कार्य है। राज्य सरकार कि 2011 में किया गया उक्त संशोधन भेदभावपूर्ण व संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं को भी 65 वर्ष में सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से वेटरनरी व मेडिकल डॉक्टर्स के काम को गैरमानवीय व मानवीय चिकित्सा के आधार पर अलग बताया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दी गई दलीलों से सहमति जताई। कोर्ट ने 6 मई 2011 के उक्त संशोधन को भेदभावपूर्ण व असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि समान कार्य के आधार पर याचिकाकर्ता भी 65 साल में सेवानिवृत्ति के हकदार हैं।

## युवक ने बड़े भाई पर किया हसिए से हमला

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत मड़ई मस्जिद के पीछे रांझी में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर हसिए से हमलाकर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़ई मस्जिद के पीछे रांझी निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र सिंह गत रात लगभग 8.30 बजे अपने घर में था तभी उसका छोटा भाई गंगा सिंह परिहार उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज कर हसिया से नरेंद्र के माथे पर चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 118(2), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा किनारे धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब

**जबलपुर**। राज्य सरकार ने नर्मदा तट से पांच किलोमिटर की दूरी पर शराब बेचने पर प्रतिबंध लगा रहा है, इस दौरान पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश भी जारी किए गए थे, बावजूद इसके धड़ल्ले से नर्मदा के किनारे अवैध और चोरी छिपे शराब बेची जा रही है। इस संबंध में जबलपुर निवासी अनुराग पटेल ने इसकी लिखित शिकायत आबकारी विभाग को की है। शिकायत में अनुराग ने बताया कि

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बनाये गये आबकारी नियम जो नर्मदा तट से सम्बंधित है जिसका उल्लेख वर्ष 2017-18 आबकारी निति में भी किया गया है का निरंतर उलंघन हो रहा है, आबकारी के नियमों के अनुसार नर्मदा तट के 5 किलोमीटर के दायरे के अंतर्गत शराब का व्यापार पूर्व में ही प्रतिबंधित करा दिया गया है, परन्तु आज भी बरेला, ग्वारीघाट, एवं भेड़ाघाट में नर्मदा तट से 5 किलोमीटर के दायरे के अंतर्गत जगह - जगह निरंतर अवैध रूप से शराब का व्यापार हो रहा है और पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जाता है और ना ही इस पर रोक लगाई जाती है बल्कि लगातार नजरंदाज कर व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे शासन के नियमो का उलंघन तो हो ही रहा है साथ ही जबलपुर संस्कारधानी की मान प्रतिष्ठा पर भी बुरा असर पड रहा है और बहुत सी भावी दुर्घटनाओ का भी अंदेशा है। अतःजबलपुर जिले में हो रहे अवैध शराब के व्यापर पर रोक लगावे एवं जिले में इस तरह के कृत्यों को करने वालो को विधि अनुसार दण्डित करें।

## आरोपी पति पुलिस गिरफ्त में

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर की थी आत्महत्या

**जबलपुर**। सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम लोहारी में पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामला जांच में लिया है। एसडीओपी सिहोरा श्रीमति पारुल शर्मा ने बताया कि ग्राम लोहारी निवासी 34 वर्षीय सुनील काछी की पहली शादी लगभग 8-9 वर्ष पूर्व सिहोरा निवासी संजना काछी से हुई थी। शादी के लगभग 5-6 साल बाद दोनों आपसी सहमति से अलग हो गये थे। गत 20 अप्रैल 2025 को सुनील की शादी जबेरा जिला दमोह कंचन काछी के साथ हुई थी। गत 17 मई को दोपहर में उसका पति सुनील बाजार करने पनागर और उसका देवर सोनू काछी खेत गये हुए थे तभी शाम 6 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली की कंचन ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही दोनों घर पहुंचे और हाथ डालकर कमरे की कुंडी खोलकर देखा तो कमरे कें अंदर बल्ली मे लगी कुण्डी में साडी से फांसी लगाकर कंचन ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

जांच के दौरान मृतिका श्रीमती कंचन काछी के मायके पक्ष के कथन लिए गए, जांच में पाया गया कि कंचन काछी की शादी दिनांक 20 अप्रैल 2025 को सुनील काछी के साथ हुयी थी। शादी के बाद से ही पति सुनील काछी पत्नी कंचन काछी को घरेलू छोटी छोटी बातों को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगा, लगातार दी जा रही प्रताड़ना से परेशान होकर कंचन काछी ने गत 17 मई को ससुराल में फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी पति सुनील काछी के विरूद्ध धारा 85, 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# रांझी और गोरखपुर में चाकूबाजी, 3 घायल

**जबलपुर**। शहर में चाकूबाजी की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रांझी थाना क्षेत्र में हत्या की घटना को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि चार आरापियों ने अपने काम से घर लौट रहे एक युवक पर पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया। आरोपी और घायल दोनों रांझी क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाश है। दोनों के बीच गैंगवार होने की चर्चा है और इसी गैंगवार के दौरान यह वारदात हुई। इसी तरह एक अन्य घटना में गोरखपुर थाना अतंर्गत सामुदायिक भवन के पास पुरानी रंजिश को लेकर चार बदमाशों ने जीजा साले पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिछाई सरकारी स्कूल के पास रांझी निवासी 23 वर्षीय मजदूर मोहित उर्फ मुक्ति रैकवार गत दिवस अपने साथी सत्यम कोरी, साहिल कोल और बड्डू कोल के साथ महाराजपुर से अपने घर रिछाई जा रहा था। रात लगभग 9.30 बजे जैसे ही रूपलाल कालोनी दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा तभी वहां खड़े शुभम मिश्रा, रचित यादव, रितिक यादव मिले और उसे देखते ही गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर तीनों ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। घायल का सिविल अस्पताल रांझी ले जाया गया जहां से उसे मेडीकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार गोरखपुर सामुदायिक भवन के पास पुरानी रंजिश पर योगी बर्मन, अमित बर्मन, संजय बर्मन और रोशन बर्मन ने अपने जीजा रवि केवट के घर जा रहे मांडवा टेंडर 02 रामपुर निवासी 15 वर्षीय आदित्य के साथ गालीगलौज व मारपीट कर दी। आवाज सुनकर आदित्य का जीजा रवि केवट बीच बचाव करने आया तो बदमाशों ने रवि के दोनों पैर , वायें कान तथा माथा में चोटें पहुंचा दी, और योगी ने आदित्य के सिर पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती लक्ष्मी-** पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री ओम प्रकाश की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री काशीनाथ सेन-** सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री काशीनाथ सेन (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रभा तिवारी-** लार्डगंज कछियाना निवासी श्री महादेव प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश पाटिल-** बाबा टोला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गणेश पाटिल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता यादव-** भूरी बाई का बगीचा गोराबाजार निवासी श्री महेंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री समय लाल कुशवाहा-** लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री समय लाल कुशवाहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई-** गौरीघाट रोड बिग बाजार के सामने निवासी श्री हीरा लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री डीएल श्रीवास्तव-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री डीएल श्रीवास्तव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## खबर संक्षेप

### रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 85.40 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ डॉलर के मुकाबले 85.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर डॉलर इंडेक्स तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपये में तेजी आई। वैश्विक निवेशकों द्वारा सतर्कता का रुख बरते जाने से डॉलर इंडेक्स में गिरावट आई।

### सिंगापुर के बाजार में उतरी मिंत्रा भारतीय प्रवासियों पर नजर

**नई दिल्ली।** फैशन और जीवनशैली उत्पादों से जुड़ी ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा ने सोमवार को सिंगापुर में उतरने की घोषणा की। कंपनी ने सिंगापुर में लगभग 6.5 लाख प्रवासी भारतीयों को लक्ष्य करके यह कदम उठाया है। इसका मकसद व्यापक वृद्धि रणनीति के तहत नए ग्राहक खंडों तक पहुंचना और आने वाले वर्षों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय ब्रांड संबंध बनाना है।

### प्रोटीन ई-गव के शेयर 20 प्रतिशत लुढ़के

**नई दिल्ली।** प्रोटीन ई-गव टेक्नोलॉजीज के शेयर में सोमवार को 20 प्रतिशत की तेज गिरावट आई और यह 'लोअर सर्किट' पर पहुंच गया। कंपनी को आयकर विभाग की 'पैन 2.0' परियोजना के लिए लगाई गई बोली में नाकामी का सामना करना पड़ा है जिसके चलते इसके शेयरों में भारी गिरावट आई।

### जीईएम जल्द ही दर अनुबंध वैश्विक निविदा सुविधाएं जोड़ेगा

**नई दिल्ली।** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) लचीलापन और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक खरीद पोर्टल पर जल्द ही दर अनुबंध और वैश्विक निविदा सुविधाओं को जोड़ने पर काम कर रहा है। फिलहाल ये सुविधाएं जीईएम पोर्टल पर नहीं हैं।वैश्विक निविदा कार्यक्षमता से अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं या विदेशी विक्रेताओं से लेनदेन संभव हो सकेगा।

### मैजिकनाउ खाद्य वितरण कारोबार में 20% मदद देगा



**नई दिल्ली।** स्थानीय स्तर पर ई-कॉमर्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी मैजिकपिन को उम्मीद है कि उसकी त्वरित वाणिज्य शाखा मैजिकनाउ 2025-26 के दौरान कुल खाद्य वितरण कारोबार में 20 प्रतिशत का योगदान देगी। मैजिकनाउ की शुरुआत सितंबर 2024 में हुई थी, और कंपनी के कुल खाद्य वितरण कारोबार में उसकी 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### एलआईसी नामित निदेशक बैंक के बोर्ड में नहीं रहेंगे

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को कहा कि एलआईसी द्वारा नामित निदेशक राज कुमार 18 मई से उसके बोर्ड में नहीं रहेंगे। आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को बताया, ''राज कुमार 18 मई, 2025 को अपना कार्यकाल पूरा होने पर आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के बोर्ड में एलआईसी द्वारा नामित निदेशक के रूप में नहीं रहेंगे।''सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आईडीबीआई बैंक के प्रवर्तक हैं, जिनके पास कुल 94.71 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# कंपनी ने अपनाया एआई मॉडल, निकाले कर्मचारी, अब कर रही फिर से भर्ती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एआई से सेवा की गुणवत्ता गिरी, कंपनी ने गलती मानी

एआई के खतरों से दुनिया को लगातार आगाह किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक दिन एआई बुद्धिमत्ता में इंसानों को पछाड़ ही देगा। ज्यादातर लोग सहमत हैं कि एआई लोगों की नौकरी कम करने में अहम भूमिका निभाने वाला है। यह तो दिखने भी लगा है।

एक कंपनी ने कुछ साल पहले आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को अपनाया था। इस चक्कर में कई लोगों की नौकरी चली गई थी। कंपनी ने कहा था कि एआई तो 700 लोगों का काम कर सकता है। लेकिन हाल ही में कंपनी ने उन्हीं निकाले गए कर्मचारियों को फिर से बुलाने का फैसला किया है और इसकी वजह कुछ अजीब से बताई है।

## स्वीडन की कंपनी क्लार्ना ने एआई अपनाकर 700 कर्मियों को किया था बाहर

### कंपनी नौकरियों को कर रही थी ऑटोमैटिक

स्वीडन की फिनटेक कंपनी क्लार्ना ने कुछ साल पहले आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी मार्केटिंग और कस्टमर केयर नौकरियों को ऑटोमैटिक करने का बड़ा फैसला लिया था। अब कंपनी को अपनी इस रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ रहा है। यहां तक कि क्लार्ना के सीईओ सेबेस्टियन सिएमियातकोव्स्की ने स्वीकार किया कि मानव कर्मचारियों को हटाकर एआई को प्राथमिकता देना एक गलती थी।



*सबसे बड़ी गलती : सिएमियातकोव्स्की ने ब्लूमबर्ग को बताया, "लागत को प्राथमिकता देना हमारी सबसे बड़ी गलती थी। इससे सेवा की क्वालिटी में कमी आई।" उन्होंने माना कि गुस्साए ग्राहकों के साथ बातचीत में एआई एजेंट्स उतने प्रभावी नहीं थे, जितनी उम्मीद थी।*

### पूरी तरह से रोक दी थी मानव भर्ती

अब कंपनी एक बड़ी भर्ती योजना शुरू कर रही है, जिसमें रिमोट मानव कर्मचारियों को ग्राहक सेवा के लिए नियुक्त किया जाएगा। 2023 में, क्लार्ना ने ओपनएआई के साथ साझेदारी के बाद मानव भर्तियों को पूरी तरह रोक दिया था। कंपनी ने पहले अपनी मार्केटिंग कॉन्ट्रैक्ट्स में कटौती की और फिर 2024 में कस्टमर केयर टीम को एआई एजेंट्स से बदल दिया। इस दौरान, कंपनी ने दावा किया कि उसका एआई सहायक 700 पूर्णकालिक कर्मचारियों के बराबर काम कर रहा है और ग्राहक सेवा में औसत समाधान समय 11 मिनट से घटकर 2 मिनट हो गया है।

### क्या हुआ था एआई के उपयोग से?

क्लार्ना ने यह भी कहा कि एआई के उपयोग से मार्केटिंग में 10 मिलियन डॉलर (85 करोड़ 60 लाख रुपयों) की बचत हुई, जिसमें अनुवाद, कला निर्माण, और डेटा विश्लेषण जैसे काम एआई को सौंपे गए। लेकिन इस लागत-केंद्रित इस नजरेए ने ही कंपनी को मुश्किल में डाल दिया। अब कंपनी का कहना है कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता ने सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है।

## पांच साल के अलगाव के बाद किया नया अध्याय शुरू

# ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के संबंधों में नया अध्याय रक्षा समेत कई समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने पांच साल बाद के अलगाव के बाद आयोजित पहले औपचारिक शिखर सम्मेलन में सोमवार को रक्षा सहयोग एवं व्यापार को आसान बनाने से संबंधित नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही दोनों पक्षों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

ब्रिटेन वर्ष 2020 में यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताते हुए इससे अलग हो गया था। उस घटनाक्रम को 'ब्रेक्जिट' कहा जाता है। प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने यहां यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन और यूरोपीय संघ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा कि ये समझौते लालफीताशाही को कम करेंगे, ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करेंगे।

### ब्रिटेन वैश्विक मंच पर वापस आया

स्टार्मर ने कहा, ''ब्रिटेन एक बार फिर वैश्विक मंच पर वापस आ गया है। यह सौदा दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।' यूरोपीय संघ की कार्यकारी इकाई यूरोपीय आयोग की प्रमुख लिएन ने इस वार्ता को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि वैश्विक उठापटक के इस दौर में यह समझौता संदेश देता है कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ वैश्विक मंच पर साथ खड़े होने वाले स्वाभाविक साझेदार हैं।




### ब्रेक्जिट से पीछे हटने की आलोचना

हालांकि, ब्रिटेन के विपक्षी दलों ने इन समझौतों को ब्रेक्जिट से पीछे हटने का संकेत बताते हुए आलोचना की। कंजर्वेटिव पार्टी की नेता केमी बेडनोच ने कहा, ''हम एक बार फिर ब्रसेल्स से तय नियमों का पालन करने वाले बन रहे हैं।'' यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ का मुख्यालय ब्रसेल्स में स्थित है।

- व्यापार को आसान बनाने नए समझौतों पर हस्ताक्षर
- ब्रिटेन 2020 में यूरोपीय संघ से अलग हुआ था
- ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताया था

### रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी

दोनों पक्षों के बीच एक रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी है। इससे ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के 150 अरब यूरो (170 अरब डॉलर) के रक्षा ऋण कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकेगी। इसके साथ सीमाओं के पार खाद्य व्यापार को आसान बनाने के लिए पशुओं एवं पौधों के उत्पादों पर कुछ जांच हटाने और ब्रिटेन के समुद्री क्षेत्र में यूरोपीय संघ के मछली पकड़ने वाले जहाजों को अनुमति देने वाले समझौते को 12 साल के लिए बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

### ब्रिटेन, यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा साझेदार

यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने के बावजूद ब्रिटेन के उत्पादों को ब्रेक्जिट के बाद से अधिक कठोर सीमा जांच, अधिक कागजी कार्रवाई और अन्य गैर-शुल्क बाधाओं के कारण निर्यात में 21 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा है।

### भारत और अमेरिका के साथ भी समझौता

पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही स्टार्मर यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश में लगे रहे हैं। स्टार्मर का मानना है कि इसे इस तरह से सुधारा जाए कि व्यापार को बढ़ावा और सुरक्षा को मजबूती मिले। ब्रिटेन ने हाल ही में भारत और अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की घोषणा की है।

### सस्ते कर्ज प्राप्त करने की मिलेगी अनुमति

रक्षा समझौता ब्रिटेन के रक्षा उद्योग को सैन्य उपकरण खरीदने के लिए एक नए यूरोपीय संघ ऋण कार्यक्रम से सस्ते कर्ज प्राप्त करने की अनुमति देगा। इससे यूक्रेन की आंशिक रूप से आत्मरक्षा में मदद की जा सकेगी। व्यापार समझौतों से कुछ खाद्य आयात और निर्यात पर नियमित सीमा जांच और लागत में कमी आएगी और माल का स्वतंत्र रूप से प्रवाह आसान हो सकेगा।

# एसबीआई का रिकॉर्ड 9.2 अरब डॉलर का मुनाफा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण
- रिलायंस व ओएनजीसी के बाद तीसरी बड़ी कंपनी बनी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के बाद एसबीआई तीसरी ऐसी भारतीय कंपनी बन गई है, जो शुद्ध लाभ के लिहाज से दुनिया की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल है।

हालांकि, भारत के जानेमाने विपणन रणनीतिकार राजेंद्र श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण है।


भारत के सबसे बड़े बैंक के मुनाफे में प्रभावशाली वृद्धि कई साल पहले शुरू हुई एक डिजिटल पहल 'योनो' के चलते है। आज योनो के 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इस मंच ने अपनी शुरुआत से 3.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण जारी किए हैं और बैंक के खुदरा ऋण में इसका अहम योगदान है। इस मंच पर रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लॉगइन हैं और एसबीआई के बचत खाते के 65 प्रतिशत लेनदेन अब योनो के जरिये होते हैं। श्रीवास्तव ने लिखा, ''एसबीआई 50 करोड़ से अधिक खातों के जरिये सेवाएं देता है, जो इसे ग्राहक आधार के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बनाता है। हालांकि, इनमें से केवल 7.4 करोड़ (लगभग 14 प्रतिशत) खाते ही योनो उपयोगकर्ता हैं।

### 20 हजार शाखाओं का विशाल नेटवर्क

यह एक विरोधाभास है कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा इस अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के जरिये आता है, जबकि बाकी 37 करोड़ खाते कम मार्जिन, उच्च लागत वाली देनदारियों वाले सेवा खंड का प्रतिनिधित्व करते हैं।उन्होंने आगे लिखा कि क्या 20,000 शाखाओं का एक विशाल नेटवर्क जिसमें 2.2 लाख कर्मचारी हैं।

# सेबी ने मेहुल चोकसी को 2.1 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों का उल्लंघन का मामला

बाजार नियामक सेबी ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को गीतांजलि जेम्स लि. के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस भेजा है।

नियामक ने 15 दिन के भीतर भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति के साथ-साथ बैंक खाते भी कुर्क करने की चेतावनी दी है। चोकसी के जनवरी, 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह मांग नोटिस भेजा गया है।

गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा रहे चोकसी, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पीएनबी घोटाला 2018 की शुरुआत में सामने आने के बाद चोकसी और मोदी भारत से फरार हो गये थे।

### संपत्तियां बेचकर राशि वसूली जाएगी

नियामक ने कहा कि बकाया राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में वह उसकी चल-अचल संपत्तियों को कुर्क करके और बेचकर राशि वसूल करेगा। इसके अलावा चोकसी के बैंक खाते भी कुर्क किए जा सकते हैं और उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

### 2022 में किए गए प्रतिबंधित

सेबी ने जनवरी, 2022 में पारित अपने आदेश में चोकसी पर 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया और उसे एक साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। नियामक ने पाया कि चोकसी ने अप्रकाशित संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) के बारे में राकेश गिरधरलाल गजेरा को जानकारी दी।


## सेल में एक अलग इकाई गठित करने पर विचार



**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय लौह अयस्क के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) में अलग इकाई गठित करने पर विचार कर रहा है। इसका जोर लौह अयस्क के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए खनन कार्यों पर होगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेहतर संचालन के लिए सेल में खनन इकाई के गठन के लिए मंत्रालय स्तर पर एक प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। सेल देश की सबसे बड़ी एकीकृत इस्पात कंपनियों में से एक है। अधिकारी ने कहा, ''मंत्रालय कंपनी (सेल) के साथ इस पर चर्चा कर रहा है। फिलहाल इकाई की संरचना पर चर्चा की जा रही है और फिर इसे आगे की कार्रवाई के लिए सेल को भेजा जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह इकाई लौह अयस्क उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह कदम कंपनी की विस्तार योजनाओं के अनुरूप है।

# सोना 580 रु.चढ़ा, चांदी में 500 रु.की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 97,030 रुपए प्रति 10 ग्राम

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

*चांदी 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम : मेहता ने कहा कि इस कदम से सोने में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी 'ट्रेजरी बिलों' में निवेश कम कर रहे हैं और सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, चांदी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।*

# आईआईएल की मप्र में 200 करोड़ के कारोबार पर नजर



**इंदौर।** कृषि रसायन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान मध्यप्रदेश में अपने कारोबार को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। आईआईएल के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल ने इंदौर में ''पीटीआई-भाषा'' को बताया, /"मध्यप्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे अनुमान के मुताबिक सूबे में बीते वित्त वर्ष के दौरान सभी कंपनियों के करीब 2,000 करोड़ रुपये के कृषि रसायन बिके। इसमें हमारी कंपनी की हिस्सेदारी लगभग 150 करोड़ रुपये रही।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 271 अंक टूटा और निफ्टी 74 अंक नीचे आया
- मूडीज ने अमेरिका की साख घटाने से कमजोर रुख रहा

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 271 अंक और टूट गया। मूडीज रेटिंग्स के अमेरिका की साख घटाये जाने के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 366.02 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 74.35 अंक की गिरावट के साथ 24,945.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

*निवेशकों ने की मुनाफावसूली : मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने आईटी, पूंजीगत सामान और तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली की। इससे कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बाजार नुकसान में रहा।*

## करीब 11,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

# दो सप्ताह में आएंगे छह कंपनियों के आईपीओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- 'द लीला' होटल श्रृंखला की संचालक कंपनी श्वॉस बेंगलोर निर्गम शामिल

वर्ष 2025 में प्राथमिक बाजार से धन जुटाने की गतिविधियां सुस्त रहने के बाद इस महीने छह कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आ रहे हैं। इन आईपीओ के जरिये कुल 11,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई जाएगी। निवेश बैंकिंग सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अगले कुछ दिनों में प्रतिभूति बाजार में दस्तक देने वाली कंपनियों में 'द लीला' होटल श्रृंखला का संचालन करने वाली श्लॉस बेंगलोर लिमिटेड भी शामिल है। इसकी शुरुआत इस सप्ताह बोराना वीव्स और बेलराइज इंडस्ट्रीज के आईपीओ के साथ होगी। बोराना वीव्स 20 मई को 144 करोड़ रुपये का आईपीओ जारी करेगी, जबकि पुणे स्थित बेलराइज इंडस्ट्रीज का 2,150 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 मई को खुलेगा।

*श्लॉस का आईपीओ होगा 3000 करोड़ रुपए का : चार अन्य कंपनियों- श्लॉस बेंगलोर लिमिटेड, एजिस वोपक टर्मिनल, एरिसइन्फ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड और स्कोडा ट्यूब्स के अगले सप्ताह अपने आईपीओ लाने की उम्मीद है। श्लॉस बेंगलोर का प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तक फर्म डीआईएफसी द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है।*

***एजिस का 3500 करोड़ जुटाने का लक्ष्य***
*एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी एजिस वोपैक टर्मिनल्स ने इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से 3,500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। वहीं, एरिसइन्फ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आईपीओ से 600 करोड़ रुपये और स्कोडा ट्यूब्स ने 275 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।*

**इस साल अब तक 10 निर्गम आए :** इन छह कंपनियों द्वारा आईपीओ के जरिये कुल मिलाकर 11,669 करोड़ रुपये जुटाए जाने की उम्मीद है। इन आईपीओ के आने से शेयर बाजार में नई कंपनियों की सूचीबद्धता की सुस्त पड़ी रफ्तार तेज होने की संभावना है।

### बाजार के स्थिर होने का इंतजार

यह वर्ष 2024 में आए 91 आईपीओ की तुलना में काफी कम है जिनसे कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। हालांकि, कंपनियां आईपीओ की मंजूरी के लिए लगातार सेबी के समक्ष आवेदन दाखिल कर रही हैं और बाजार के स्थिर होने का इंतजार कर रही हैं।

### 57 कंपनियों को सेबी से आईपीओ के लिए मंजूरी

एक्सिस कैपिटल आईपीओ मार्केट अपडेट मई-2025 के मुताबिक, 57 कंपनियों को सेबी से आईपीओ की मंजूरी मिल चुकी है और अन्य 74 फर्म इस मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# रसना ने हर्शे इंडिया से जम्पिन ब्रांड का किया अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ मुंबई




- रसना ने 100 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण की बात कही

त्वरित पेय उत्पाद बनाने वाली कंपनी रसना ने सोमवार को रेडी-टू-ड्रिंक श्रेणी में विस्तार के लिए हर्शे इंडिया से जम्पिन ब्रांड का अधिग्रहण करने की घोषणा की। हालांकि, रसना ने जम्पिन ब्रांड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए भुगतान की गई राशि का खुलासा नहीं किया। लेकिन इसने संकेत दिया कि स्वतंत्र एजेंसियों ने जम्पिन ब्रांड का मूल्य 350 करोड़ रुपये आंका है।

रसना के चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि कंपनी ने हर्शे से केवल ब्रांड का अधिग्रहण किया है, विनिर्माण परिसंपत्ति का नहीं। कंपनी आगे भी उसी विनिर्माण इकाई का इस्तेमाल करेगी। जम्पिन ब्रांड को मूल रूप से गोदरेज समूह ने पेश किया था लेकिन बाद में इसका प्रबंधन हर्शे इंडिया के पास आ गया था।

खंबाटा ने बयान में कहा कि जम्पिन को रसना उसी ब्रांड नाम के साथ फिर से पेश करेगी।

## चिंतन

# हनक दिखा रहे बांग्लादेश को सबक सिखाना जरूरी

बांग्लादेश में जब तक शेख हसीना की सरकार थी, सब कुछ बेहतर चल रहा था। भारत-बंग्लादेश के संबंध शिखर पर थे। अगस्त 2024 में विद्रोह के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनाई गई और मोहम्मद यूनुस उसके मुखिया बने। उसके बाद बांग्लादेश की एंटी-इंडिया गतिविधियां बढ़ती गईं। कई बांग्लादेशी नेताओं ने भारत विरोधी बयान दिए और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू नेताओं को निशाना बनाया। इस वजह से दोनों देशों की तल्खी और ज्यादा बढ़ गई, इसके बाद भारत के ही रहमोकरम में अस्तित्व में आए बांग्लादेश ने चीन और पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। वहां की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन दौरे के दौरान उत्तर-पूर्व भारत को 'लैंडलॉक्ड' बताते हुए बांग्लादेश को समुद्र का एकमात्र संरक्षक बता दिया। यूनुस की चीन दौरे पर यह टिप्पणी एक तरह भारत द्वारा क्षेत्र की संपर्क क्षमता को कमतर आंकने के रूप में देखी गई। बात केवल यही तक खत्म नहीं हुई। सर्वविदित है कि भारत के शेष हिस्से से पूर्वोत्तर तक सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) के जरिए पहुंचा जा सकता है, जो सिर्फ 20 किमी. चौड़ा है। यह संकरा कॉरिडोर भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से हमेशा कमजोर कड़ी है, इसीलिए पिछले डेढ़ दशक में भारत-बांग्लादेश साझेदारी के तहत वैकल्पिक मार्गों की तलाश की गई थी, लेकिन नई बांग्लादेश सरकार के भारत विरोधी रुख के कारण यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बांग्लादेश ने 2024 के अंत से भारत से होने वाले व्यापार पर कई प्रतिबंध भी लागू कर दिए। इसके तहत प्रमुख लैंड पोर्ट से भारतीय यार्न के आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई। चावल के निर्यात पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए। इसी तरह कागज, तंबाकू, मछली, और दूध पाउडर जैसे उत्पादों के आयात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। बांग्लादेश ने भारतीय मूल के अपने क्षेत्र से गुजरने पर अब प्रति टन प्रति किलोमीटर 1.8 टका का ट्रांजिट शुल्क भी लागू कर दिया है, जिसके चलते सामान की पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंच महंगी हो गई है। अब बारी भारत की थी। भारत ने सौ सुनार की और एक लोहार की रणनीति पर चलते हुए एक के बाद एक दो बड़े फैसले लिए हैं, जिससे अर्थिक रूप से बेहाल बांग्लादेश की कमर टूटनी तय है। भारत ने बांग्लादेश से होने वाले आयात पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने इसकी घोषणा की। भारत ने बांग्लादेश से कई उपभोक्ता सामानों के आयात पर लैंड बॉर्डर के माध्यम से रोक लगा दी है। इनमें शर्ट, पैंट, टी-शर्ट जैसे रेडिमेड गारमेंट्स, बिस्किट, चिप्स, कन्फेक्शनरी, स्नैक्स प्रोसेस्ड फूड आइटम, कार्बोनेटेड और एनर्जी ड्रिंक्स, बाल्टी, खिलौने, कुर्सियां जैसे प्लास्टिक उत्पाद कॉटन वेस्ट और इंडस्ट्रियल ग्रेड कॉटन बाय प्रोडक्ट, सोफा, बेड जैसे लकड़ी के फर्नीचर समेत अनेक चीजें शामिल हैं। ये प्रतिबंध बांग्लादेश की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था को और ज्यादा कमजोर कर सकते हैं। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई लगभग 10-10.2 फीसदी, और कमजोर घरेलू मांग के कारण, वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट 3.8-4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जो बांग्लादेश के लिए बड़ा झटका होगा। लाखों लोगों को रोजगार देने वाली गारमेंट इंडस्ट्री सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। दूसरी और इसका सीधा लाभ भारतीय उद्योगों को होगा। ये प्रतिबंध भारत का बांग्लादेश को संदेश भी हैं कि व्यापार एक दूसरे के लाभ पर आधारित होना चाहिए। अगर वो किसी और मुगालते में है तो भारत सबक सिखाना भी जानता है। ये नया भारत है जैसे को तैसा जवाब देना जानता है।


## जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# मानव को निरूपम बता गए पंत

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश/पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश। मेखलाकार पर्वत अपार/अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़/अवलोक रहा है बार-बार/नीचे जल में निज महाकार/ जिसके चरणों में पला ताल/दर्पण-सा फैला है विशाल! 'पर्वत प्रदेश में पावस' शीर्षक कविता की इन पंक्तियों के बाद यह जताने के लिए किसी और उद्धरण की आवश्यकता नहीं रह जाती कि जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा के साथ हिंदी के छायावाद काल के चार प्रमुख कवियों (आधारस्तम्भों) में से एक सुमित्रानंदन पंत (जिनकी आज जयंती है) प्रकृति के कैसे सुकुमार कवि हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं कि एकमात्र यह सुकुमारता ही उनकी विलक्षण कवि प्रतिभा का पता देती हो। हिंदी में प्रकृति के और भी कई प्रतिभासम्पन्न कवि हुए हैं, लेकिन उसके जैसे संश्लिष्ट चित्र पंत की रचनाओं में मिलते हैं, अन्यत्र दुर्लभ हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि प्रकृति के विकट आकर्षण में बंधे पंत अपनी काव्ययात्रा में एक ही जगह ठहरे नहीं रह जाते। एक समय जहां प्रकृति के प्रेम में पगे वे यह तक पूछ लेते हैं: छोड़ द्रुमों की मृदु छाया/तोड़ प्रकृति से भी माया/बाले! तेरे बाल-जाल में कैसे उलझा दूं लोचन/भूल अभी से इस जग को!/तज कर तरल तरंगों को/इन्द्रधनुष के रंगों को,/तेरे भ्रू भ्रंगों से कैसे बिंधवा दूं निज मृग-सा मन?/भूल अभी से इस जग को!, कई आलोचक इसे लेकर उनके रहते ही उनकी आलोचना किया करते थे। यह कहकर कि 'बाला का बाल जाल' और 'मानव' भी अंततः प्रकृति के ही अंग हैं और उन्हें इस तरह अलग करके देखना सहज कवि स्वभाव का परिचायक नहीं है, लेकिन उन्हें इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ा। बहरहाल, माना जाता है कि पंत का प्रकृति प्रेम भी और सुकुमारता भी, उनकी प्राकृतिक सुषमा से सम्पन्न उस जन्मभूमि की देन हैं, जो उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में कौसानी गांव में स्थित है और अपने पर्वतीय प्राकृतिक सौन्दर्य, हिमानियों (ग्लेशियरों), नदियों और मन्दिरों वगैरह के लिए प्रसिद्ध है। कहते हैं कि अपनी जन्मस्थली के प्राकृतिक सौन्दर्य को पंत ने भरपूर आत्मसात कर रखा था। उनके गांव कौसानी में स्थित उनके घर को अब 'सुमित्रानंदन पंत साहित्यिक वीथिका' नाम के संग्रहालय में बदल दिया गया है और उसमें उनकी विभिन्न कृतियों की पांडुलिपियों के अलावा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का हिस्सा रही अनेक वस्तुएं संग्रहीत की गई हैं। उनके शुरुआती जीवन पर जाएं तो उनकी मां 20 मई,1900 को उन्हें जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद इस संसार को छोड़ गई थीं। ऐसी विषम परिस्थिति में उनके लालन-पालन की जिम्मेदारी उनकी बूढ़ी दादी पर आ पड़ी थी, जिसे उन्होंने भरसक निभाया। उनके जन्म के बाद उन्हें गोसाईं दत्त नाम दिया गया था, लेकिन यह उनको पसंद नहीं था, इसलिए बाद में उन्होंने उसे बदलकर सुमित्रानंदन कर दिया। अल्मोड़ा में प्रारंभिक शिक्षा के बाद 1918 में वे अपने मंझले भाई के साथ काशी चले आए और प्रतिष्ठित क्वींस कॉलेज से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। फिर प्रयाग चले गए और म्योर कॉलेज में प्रवेश लिया। वह बीसवीं शताब्दी का पूर्वार्ध था और चारों ओर स्वतंत्रता संघर्ष की धूम मची हुई थी। फिर वही भला इस संघर्ष से अलग कैसे रहते? 1921 में महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई के सिलसिले में असहयोग आंदोलन छेड़ा और अंग्रेजों की संस्थाओं व संस्थानों के संपूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया तो पंत ने कालेज छोड़ दिया। 1916 से 1977 तक फैली उनकी कोई छह दशकों की इस यात्रा में कहा जाता है कि हिंदी कविता का एक समूचा युग समाया हुआ हुआ है और इसके मोटे तौर पर तीन चरण हैं। 1916 से 35 तक के पहले चरण में उन्होंने छायावादी काव्य रचा। दूसरे चरण में उन्होंने प्रगतिवादी काव्य लिखा, जबकि तीसरे चरण में अरविंद दर्शन के प्रभाव में आकर अध्यात्मवादी रचनाएं कीं। 1960 में उनको 'कला और बूढ़ा चांद' काव्य-संग्रह के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से और 1968 में 'चिदंबरा' काव्य-संग्रह के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया और उन पर डाक टिकट जारी किया। 28 दिसंबर, 1977 को 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ तो हिंदी ने अपने एक युगांतरकारी कवि को खो दिया।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**रणनीति**


डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# आर्थिक दबाव से पस्त होगा पाक

> पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

यकीनन इस समय भारत के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर से पस्त पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से पस्त करने की रणनीति आगे बढ़ाई जा रही है। हाल ही के दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को दिए जाने वाले नए कर्ज पर भारत के द्वारा एतराज जताने पर 18 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान के बेलआउट कार्यक्रम की निगरानी को और सख्त करते हुए अगली किश्त जारी करने से पहले 11 नई कड़ी शर्तें जोड़ दी हैं। पाक पर आर्थिक दबाव बनाने का भारत का प्रयास रंग लाया है।

उल्लेखनीय है कि भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव की रणनीति के साथ पाकिस्तान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इन दिनों जब पाकिस्तान बार-बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर रहा है, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्र के नाम दिए गए संबोधन का यह वाक्य गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही अब भारत के द्वारा पाकिस्तान पर लगाए गए दमदार आर्थिक प्रतिबंधों से भी पाकिस्तान को पूरी तरह से पस्त करने की डगर महत्वपूर्ण हो गई है। चूंकि तनाव के इस दौर में चीन, तुर्किए और अज़रबैजान न केवल पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़े रहे, बल्कि इन देशों ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति भी की, अतएव भारत इन देशों के सामानों के बहिष्कार और चीन से बढ़ते व्यापार घाटे को रोकने के लिए आयातों को नियंत्रित करने की नई रणनीति के साथ भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। ज्ञातव्य है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि निलंबित की है। 6 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। मोदी का यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब भारत ने आतंकी हमले के जवाब में 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इससे पाकिस्तान की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। गौरतलब है कि सिंधु जल संधि के तहत करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिलता रहा है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय भी स्थगित नहीं किया गया था। भारत के द्वारा सिंधु जल संधि का स्थगन इसलिए अहम है, क्योंकि पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा सिंधु नदी के पानी पर पेयजल और खेती से बिजली उत्पादन तक की गतिविधियों के लिए निर्भर है। एक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के जीडीपी का करीब 25 फीसदी सिंधु जल व्यवस्था पर निर्भर है। इस स्थगन से पाकिस्तान की



बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं सिंधु जल संधि निलंबित किए जाने के बाद भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध से ऐसे कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि विगत 3 मई को भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगा दी है। पाकिस्तान में तैयार या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के आयात और पाक को सभी प्रकार के निर्यात पर रोक लगा दी गई है। यहीं नहीं जहां पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, वहीं भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने का भी निर्णय लिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों पर लागू हुआ है। यह निर्णय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता दिखाई देगा, क्योंकि भारत से आयातित कई वस्तुओं का परिवहन डाक सेवाओं के जरिए भी किया जाता है। भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी तत्काल बंद कर दिया है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाक से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। इन आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि पाक को भारत के निर्यात रुकने से पाकिस्तान की घरेलू अर्थव्यवस्था मुश्किल में होगी और महंगाई बढ़ेगी। वहीं भारत में पाक से आयात रुकने पर भारत के बाजार और महंगाई पर कोई असर नहीं होगा। यह छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। माह अप्रैल 2025 में जीएसटी का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपये स्तर पर पहुंच गया, जो किसी महीने अभी तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ को दिए एक डॉक्यूमेंट में कहा है कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच संभावनाओं वाला देश है और वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। निःसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी।

पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते।

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हंसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

कैथल से गिरफ्तार देवेंद्र सिंह पर आरोप है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई संवेदनशील जानकारियां आईएसआई को दीं। यह व्यक्ति दो साल पहले पाकिस्तान के सिख धार्मिक स्थल ननकाना साहिब की यात्रा पर गया था, जहां उसकी मुलाकात आईएसआई एजेंटों से हुई। इसके बाद से वह धार्मिक यात्रा की आड़ में बार-बार ननकाना साहिब जाकर गुप्त सूचनाएं साझा करता रहा। हाल ही में, इसके पास से पंजाब के पठानकोट एयर बेस की खुफिया तस्वीरें भी बरामद की गई हैं, जो इसकी गहरी साजिश का प्रमाण हैं। यह घटना केवल एक व्यक्ति की गद्दारी तक सीमित नहीं है। देवेंद्र सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के समय कई महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई तक पहुंचाई। उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। – *संतोष जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में ओसीआई रद्द

लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक ब्रिटिश कश्मीरी प्रोफेसर ने दावा किया है कि कथित भारत विरोधी गतिविधियों के कारण भारतीय अधिकारियों ने उनकी प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) रद्द कर दी है। निताशा कौल ने सोशल मीडिया पर भारत सरकार से प्राप्त पत्र का विवरण पोस्ट किया, जिसमें उन पर 'दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना' करने का आरोप लगाया गया है। यह घटनाक्रम फरवरी में उनके पिछले पोस्ट के बाद सामने आया है, जब शिक्षाविद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत में प्रवेश न करने देने को लेकर पलटवार किया था। कौल ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'जानती हूं कि नफरत के खिलाफ बोलने पर भारत में शिक्षाविदों को गिरफ्तार करना भारत के बाहर के शिक्षाविदों के लिए देश और परिवार तक पहुंच को खत्म करने से जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा, ''विचार यह है कि एक संकेत दिया जाए – हमें अंदर से चुनौती देने की हिम्मत मत करो और बाहर के लोगों को संदेश देने के लिए जो कुछ हो रहा है उसका विश्लेषण करने की हिम्मत मत करो।'



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### विचारों का अच्छा आदान-प्रदान



हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ विचारों का अच्छा आदान-प्रदान हुआ। चर्चा की गई कि भारत और नीदरलैंड/यूरोपीय संघ को बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के युग में और अधिक गहराई से क्यों जुड़ना चाहिए।

-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

### पश्चिमी तट की स्थिति पर सोचें



गाजा के अलावा, हमें कब्जे वाले पश्चिमी तट की भयानक स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विलय अवैध है। केवल दो-राज्य समाधान ही स्थायी शांति प्रदान कर सकता है: इज़राइल और फिलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रह रहे हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव


### चुप्पी निंदनीय



विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है, इसलिए मैं फिर से पूछूंगा: हमने कितने भारतीय विमान खो दिए क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह अपराध था। देश को सच्चाई का हकदार होना चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### ज्ञान हमेशा रहता है



अपने बच्चों को सिर्फ वो मत दीजिए जो आपके पास कभी नहीं था। उन्हें वो सिखाइए जो आपको कभी नहीं सिखाया गया। उपहार फीके पड़ जाते हैं। लेकिन ज्ञान? वो हमेशा के लिए रहता है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारतीय सेना ने जारी किया ऑपरेशन 'सिंदूर' का एक और वीडियो

# भारत ने खोली पोल तो सकपका गया पाकिस्तान बोला- शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का वीडियो जारी किया, जिसमें पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही गई है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें भारतीय सेना ने दुश्मन पोस्ट को नष्ट कर दिया था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जब एक-एक करके पोल खोलनी शुरू की तो पाकिस्तान सकपका गया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय मीडिया के उन दावों को निराधार बताया है जिसमें कहा गया कि ऑपरेशन बनयान अल-मर्सूस में शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल किया।

मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'ये दावे भारतीय सेना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से वीडियो जारी करने के बाद शुरू हुए, जिसमें कथित तौर पर शाहीन मिसाइल का उपयोग दिखाया गया था। जब यह साफ हुआ कि दावा गलत था तो भारतीय सेना ने भ्रामक वीडियो को हटा दिया। मगर, तब तक भारतीय मीडिया के कुछ हिस्सों ने बिना सत्यापन के इस कहानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर दिया।' बता दे कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों सहित नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने की आशंकाएं थीं, जिनमें अमृतसर का स्वर्ण मंदिर सबसे प्रमुख था। इसका मुकाबला भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणालियों से करके अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया।



### पाकिस्तान ने लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर किया था हवाई हमला

*15 इन्फेंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने बताया कि हमने स्वर्ण मंदिर को एक समग्र हवाई रक्षा कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक वायु रक्षा संपत्ति जुटाई। 8 मई को तड़के अंधेरे में पाकिस्तान ने मानव रहित हवाई हथियारों में मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। हम पूरी तरह से तैयार थे, हमें पहले से ही इसकी आशंका जताई गई थी। मेजर जनरल शेषाद्री ने कहा कि भारतीय सेना पेशेवर बल है, जिसने गंभीर उकसावे के बावजूद हमेशा एक संतुलित और मापा हुआ तरीके से जवाब दिया है। हमने सटीक हथियारों के साथ केवल आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया, ताकि कोई नागरिक क्षति न हो, इस तथ्य को पाक सेना ने भी ऑपरेशन के दौरान स्वीकार किया है।*


### भारतीय सेना ने कहा- जहां से सीजफायर उल्लंघन हुआ, उसे मिट्टी में मिला दिया



*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑपरेशन सिंदूर का एक नया वीडियो जारी किया। सेना की पश्चिमी कमान ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। सेना ने कहा, प्लान किया, ट्रेनिंग दी और पूरा किया। उन्होंने आगे कहा, इंसाफ हुआ। वीडियो में, एक सुरक्षाकर्मी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक सबक था। ऐसा सबक जो उसने दशकों से नहीं सीखा था। सेना के जवान ने कहा, इसकी शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले से हुई। गुस्सा पिघले हुए लावा की तरह था। मन में बस एक ही विचार था - इस बार, हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी। यह बदला लेने का काम नहीं था, यह न्याय था। 9 मई की रात लगभग 9 बजे, भारतीय सेना ने दुश्मन पोस्ट को नष्ट कर दिया जिसने युद्धविराम का उल्लंघन किया था। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक कार्रवाई नहीं थी।*

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, तीव्रता 4.2




**काबुल।** अफगानिस्तान में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सुबह आठ बजकर 54 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। केंद्र जमीन से 140 किलोमीटर गहराई में था। पिछले 4 दिन में चौथा झटका है। भूकंप का केंद्र धरती से 140 किलोमीटर नीचे रहा है। पिछले 4 दिन में यह चौथा भूकंप का झटका है। अफगानिस्तान भारतीय यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट की फॉल्ट लाइन पर मौजूद है।

### बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही फ्लाइट



**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टॉयलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था। इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है।पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी।

### कंबोडिया : आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत



**बैंकॉक।** कंबोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर परिसर में घूमने गए 3 लोगों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह स्थल यूनेस्को की ऐतिहासिक धरोहरों की सूची में शामिल है। पर्यटक मुख्य मंदिर के आसपास शरण ले रहे थे तभी बिजली गिरी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में घटना के बाद 2 एंबुलेंस को आते हुए देखा गया। मौजूद लोगों को कुछ घायलों को ले जाते हुए और दूसरों को बाहर निकलने में मदद करते हुए देखा गया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों से की बातचीत

# भारत और नीदरलैंड-यूरोपीय संघ को और अधिक जुड़ाव बढ़ाना चाहिए: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ एम्सटर्डम

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज सोमवार को नीदरलैंड के द हेग शहर में रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने भारत-नीदरलैंड और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के नए युग में और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "द हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के इस युग में भारत और नीदरलैंड-यूरोपीय संघ को और अधिक जुड़ाव बढ़ाना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों 19 से 24 मई तक के आधिकारिक विदेश दौरे पर हैं, जिसमें वे नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा कर रहे हैं। इस दौरे में वे इन तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

तीनों देशों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई

19 से 24 मई तक विदेश दौरे पर हैं जयशंकर



## रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई

विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत और नीदरलैंड के बीच 75 वर्षों से अधिक पुराने राजनयिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी मजबूत है और उच्चस्तरीय आपसी आदान-प्रदान ने इस बहुआयामी संबंध को नई दिशा दी है। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री की जर्मनी यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब फ्रेडरिक मर्ज ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के नए चांसलर का पदभार संभाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है।

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे ने हमले की कड़ी निंदा की

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इन तीनों देशों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई। वहीं डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इस हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों व उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत और डेनमार्क के बीच संबंध ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक मूल्यों और "ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप" पर आधारित हैं, जो दोनों देशों के बीच जलवायु परिवर्तन और हरित विकास को लेकर साझा उद्देश्य को दर्शाते हैं। विदेश मंत्री की यह यात्रा भारत के तीन प्रमुख साझेदार देशों के साथ रणनीतिक, आर्थिक और वैश्विक सहयोग को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाक का हंगामा

# जवाब में एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया




### दूतावास ने कहा ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

एजेंसी ▶▶ लिस्बन

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

### बॉर्डर पार किए बिना भारत ने पाक में 9 आतंकी कैंप्स नष्ट

*पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर पाक में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने भी हमला किया, लेकिन भारत की मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने लगभग हर पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को बेअसर कर दिया।*

कोविड को लेकर थाईलैंड में अलर्ट जारी

# एशिया में फिर बढ़ा कोरोना, सिंगापुर में 14 हजार नए केस मिले

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

एशिया के सिंगापुर, हॉंगकॉंग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। हॉंगकॉंग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स



एलएफ 7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं।

रूस ने एमनेस्टी इंटरनेशनल पर लगाया प्रतिबंध

# मानवाधिकार संगठन का समर्थन करने वालों पर चलेगा मुकदमा

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संगठन को रूस ने अवांछित संगठन घोषित किया है। अब संगठन को रूस में अपने काम बंद करने होंगे। साथ ही रूस में कोई भी अगर संगठन का सहयोग या समर्थन करेगा तो उस पर मुकदमा चलेगा। रूसी अधिकारियों ने बताया कि एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछित संगठन घोषित कर दिया गया है। 2015 के कानून के तहत ऐसे संगठनों के साथ संबंध रखना अपराध होगा। रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने इस फैसले की घोषणा की। रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने कहा कि



एमनेस्टी इंटरनेशनल रूस विरोधी प्रोजेक्ट चला रहा है। वह यूक्रेन की वकालत कर रहा है। एमनेस्टी इंटरनेशनल क्षेत्र में सैन्य टकराव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। वह यूक्रेन के लिए फंडिंग बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। यह फैसला रूस के आलोचकों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं पर लगातार की जा रही कार्रवाई की दिशा में नया कदम है। रूस ने अमेरिकी सरकार के ब्रॉडकास्टर आरएफई/ आरएल और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संगठन ग्रीनपीस को प्रतिबंधित किया था।


पर्दे के पीछे चीन की साजिश

# चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद, भारतीय थिंक टैंक का खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था।

ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।



### दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका

*कुमार ने कहा कि भारत को पहले भी दो मोर्चों पर लड़ाई की आशंका थी, लेकिन अब जिस तरह से चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, उससे यह आशंका और बढ़ गई है और भारत भी अब इस दिशा में योजना बना रहा है। कुमार ने कहा कि जब तक हालात बेहद संवेदनशील न हो, तब तक चीन के पाकिस्तान की मदद करने की आशंका कम ही है, लेकिन अगर भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान जरूर चीन के समर्थन में उतर सकता है।*

### चीन ने खुलकर की पाकिस्तान की मदद

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत की सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई की योजना बना रही थी, उसी 15 दिन के अंतराल के बीच चीन ने पाकिस्तान को अपने उपग्रहों की मदद दी थी ताकि भारत के हथियारों की तैनाती का पता चल सके।*

ब्राजील में ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रखेंगे भारत का पक्ष, कई मुद्दों पर होगी चर्चा



एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ब्राज़ील ब्रिक्स के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। 19 मई से शुरू हो रहे इस बैठक में ऊर्जा सुरक्षा सुलभता वहनीयता और सततता सस्टेनेबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बैठक के दौरान भारत पिछले दशक में हासिल की गई उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा।

### इन उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा

*ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत जिन प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा उनमें शामिल हैं। बिजली उत्पादन क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि पिछले एक दशक में भारत ने अपनी कुल विद्युत क्षमता में उल्लेखनीय विस्तार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा हरित हाइड्रोजन और बायोफ्यूल के क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व भारत अब रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी देशों में गिना जाता है जिसमें सोलर, विंड ग्रीन हाइड्रोजन और जैव ईंधन बायोफ्यूल की पहले प्रमुख हैं। ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा भारत ने तकनीकी नवाचारों स्मार्ट ग्रिड ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के माध्यम से स्थायी ऊर्जा भविष्य की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।*

भारतीय तटरक्षक बल ने इस वर्ष एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

# ऑपरेशन ओलिविया : आईसीजी ने 6.98 लाख समुद्री कछुओं की सुरक्षा में हासिल की बड़ी सफलता

इन क्षेत्रों से हर साल 8 लाख से अधिक ऑलिव रिडले कछुए आते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री जीवन के संरक्षण को मजबूती देने के उद्देश्य से भारतीय तटरक्षक बल के चलाए गए वार्षिक अभियान 'ऑपरेशन ओलिविया' ने इस वर्ष एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। फरवरी 2025 में ओडिशा के रुशिकुल्या नदीमुख क्षेत्र में 6.98 लाख ऑलिव रिडले समुद्री कछुओं की रक्षा करने में सफलता मिली।

यह अभियान हर वर्ष नवंबर से मई के बीच चलाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य ओडिशा के गहिरमाथा समुद्र तट और उसके आसपास के क्षेत्रों में कछुओं के लिए सुरक्षित अंडे देने का वातावरण सुनिश्चित करना होता है। इन क्षेत्रों में हर साल 8 लाख से अधिक ऑलिव रिडले कछुए आते हैं।

### 366 नावों को अवैध मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया



रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन ओलिविया की सतत निगरानी और समर्पण से यह रिकॉर्ड स्तर का मास नेस्टिंग (अंडे देने की सामूहिक प्रक्रिया) संभव हुआ। अभियान की शुरुआत से अब तक, ऑपरेशन ओलिविया ने 5,387 सतही गश्त अभियान और 1,768 हवाई निगरानी मिशन संचालित किए हैं। इन प्रयासों से अवैध मछली पकड़ने और प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंचाने जैसी गतिविधियों में बड़ी कमी आई है। इस दौरान 366 नावों को अवैध मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया गया, जो समुद्री जीवों की सुरक्षा में ऑपरेशन ओलिविया की सख्ती को दर्शाता है।

### समुद्री संरक्षण के लिए प्रयास लगातार जारी

*वहीं तटरक्षक बल सिर्फ निगरानी तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने स्थानीय मछुआरा समुदायों के साथ मिलकर भी काम किया है। मछुआरों को 'टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस' के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे कछुए मछली पकड़ने के जाल से सुरक्षित बाहर निकल सकें। इसके अलावा, 'ऑपरेशन ओलिविया' ने (एनजीओ) के साथ औपचारिक समझौते किए हैं ताकि मछली पालन और समुद्री जीवन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। ऑपरेशन ओलिविया के मुताबिक यह सफलता यह बताती है कि यदि समुद्री संरक्षण के प्रयास लगातार और समन्वित रूप से किए जाएं, तो समुद्री जैव विविधता को सुरक्षित रखना संभव है। ओडिशा का गहिरमाथा समुद्र तट विशेष रूप से ऑलिव रिडले कछुओं के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण नेस्टिंग ग्राउंड्स में गिना जाता है, और इस तरह के प्रयास इन प्रजातियों के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं।*


# पुरस्कार पाकर खिले विजयी प्रतिभागियों के चेहरे

**कॉलेज में बिखरे डांस, फैशन और तकनीकी शो के हर रंग**

# ग्लोबल यूथ फेस्ट 2.0 के अंतिम दिन युवाओं ने मचाई धूम







जबलपुर।

यूथ फेस्ट 2.0 के अंतिम दिन रविवार को ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन देख दर्शक भी उत्साह और उमंग से झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की स्तुति से की गई। रैम्प वॉक में इंडो-वेस्टर्न लुक देखने को मिला, जिसमें कई कैटेगरी में पुरस्कार दिए गए। जिसमें बेस्ट स्माइल, बेस्ट वॉक, बेस्ट कॉस्ट्यूम, मिस्टर और मिस ग्लोबल का पुरस्कार प्रतिभागियों ने अपने नाम किया। शाम का मुख्य आकर्षण शावा शावा बैंड और डीजे रहा, जिसने कार्यक्रम में शमा बांध दिया। बैंड और डीजे की धुन पर विद्यार्थी झूम उठे और खूब ठुमके लगाए। दर्शक भी झूमते, नाचने नजर आए। विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया, संस्थापक शंभू दयाल बड़ेरिया, आशा बड़ेरिया द्वारा सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय यूथ फेस्ट में संस्था के निदेशक डॉ. राजीव खत्री, रजिस्ट्रार प्रो. पूर्णानंद दुबे, एचआर हेड डॉ. निहारिका यादव, प्रो. वंदना पाठक, डॉ. प्रतीक मिश्रा, डॉ. सुनील पटेल, प्रो. मनीष तिवारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शावा-शावा बैंड के कलाकारों ने मन मोहा

ग्लोबल यूथ फेस्ट 2.0 के समापन पर शावा शावा बैंड के कलाकारों ने थिरकने पर मजबूर कर दिया। बैंड ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धुन बजाई। डीजे की प्रस्तुति पर हर आयु वर्ग के लोग झूमते, नाचते रहे। तीन दिन चले यूथ फेस्ट में कला के हर रंग देखने मिले। पहले दिन शुक्रवार को युवाओं ने ग्रुप डांस, फैशन शो में बॉलीवुड का तड़का लगाया और तकनीकी खेलों में दिमागी कसरत की, वहीं दूसरे दिन शनिवार को धर्म, संस्कृति और देशभक्ति की अलख जगाई। तीसरा दिन यानि रविवार जोश-जुनून से सराबोर संगीत का रहा।

## तीन दिवसीय आयोजन ने छोड़ी अमिट छाप

तीन दिवसीय ग्लोबल यूथ फेस्ट ने युवाओं और दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हजारों युवाओं ने कहा कि अगले वर्ष ग्लोबल यूथ फेस्ट का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

## विजयी प्रतिभागी

मिस्टर ग्लोबल- तनय कोचर, मिस ग्लोबल- आरची यादव, मिस्टर ईव- जाग्रत बेलवंशी, मिस ईव- राशि यादव, बेस्ट वॉक- सिद्धांत याग्निक, बेस्ट वॉक- शिल्पी चक्रवर्ती, बेस्ट कास्ट्यूम- परा खान, बेस्ट कास्ट्यूम- रिमझिम गुप्ता, मिस्टर टैलेंटेड- सुजल थापा, मिस्टर टैलेंटेड- जिया साहू, बेस्ट स्माइल- साहिल, बेस्ट स्माइल- चैतन्य सिंहा, मिस्टर फोटोजेनिक- सुबीन जैन, मिस फोटोजेनिक- अनुश्री रहे।



# जिसके मन में भगवान की भक्ति है वह माने जाते हैं धनवानः सिया बल्लभदास वेदांती महाराज

**श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस सुकदेव कथा व कुंती माता के पावन चरित्र का वर्णन किया**

जबलपुर। श्रीमद्भागवत कथा भगवान के प्रति प्रीति बढ़ाती है, मोक्षदायिनी अलौकिक कथा हमें विकारों से मुक्ति का मार्ग दिखाती है, अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट जबलपुर में सिकरवार परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा श्रवण के महत्व का प्रतिपादन करते हुए कथा व्यास महामंडलेश्वर आचार्य सिया बल्लभ दास वेदांती महाराज ने कहा कि इस कथा का श्रवण करने के लिए देवता भी अमृत कलश लेकर पधारे थे। इस सनातन ग्रंथ में सत्य स्वरूप योगेश्वर श्रीकृष्ण का वर्णन है। इस कथा के श्रवण के लिए 88000 शौनकादि ऋषि गण ब्रह्मा जी के पास पहुंचे थे, अमृत कलश लेकर सभी देवता वहां उपस्थित हुए, स्वर्ग से देवता अमृत कलश लेकर जिस कथा को श्रवण करने के लिए पहुंचें, वह कथा साधारण नहीं हो सकती, कथा श्रवण के बाद सात दिन में परीक्षित को श्राप से मुक्ति हो गई, ऋषियों ने अपनी इच्छा प्रकट करते हुए पूछा कि कथा के लिए वह उत्तम स्थान बताएं, जहां किसी प्रकार की अशांति न हो ब्रह्माजी इस प्रश्न के समाधान के लिए देवगण के साथ भगवान के पास पहुंचे भगवान ने कहा कि हमारा चक्र जहां गिरे, वह स्थान इसके लिए उत्तम होगा। चक्र यूपी के नैमिषारण्य में गिरा। वहां भागवत कथा का श्रवण तक्षक द्वारा शापित परीक्षित को सुखदेव जी करा रहे थे, कथा में कथा प्रसंगों के बीच श्री राधे-राधे, श्री राधा-कृष्ण के स्वर गूंजते रहे। भजनों की प्रस्तुति के द्वारा भजन गायनों मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में कुंती माता के चरित्र का वर्णन भी पूज्य महाराज श्री द्वारा किया गया, कुंती ने दुखों का वरदान मांगा था, ताकि वह हमेशा भगवान कृष्ण को याद कर सके और उनकी भक्ति में लीन रह सके ऐसा इसलिए क्योंकि कुंती का मानना था कि सुख के समय में भगवान को भुला दिया जाता है और दुःख के समय में ही उनकी याद आती है। कुंती ने कहा था कि वो दुखों के समय में भगवान कृष्ण को याद करती है और जीवन में दुःख रहने पर उनकी भक्ति करती रहेगी, कुंती ने भगवान कृष्ण से प्रार्थना की थी कि वो उन्हें दुःख का वरदान दें, ताकि वो हमेशा उनकी भक्ति में लीन रह सके। यहां कलियुग का मतलब है बुरा समय। अगर कोई व्यक्ति यहां बताए गए पांच कामों में से कोई एक काम भी कर रहा है तो उसके जीवन में कलियुग यानी बुरा समय आ जाएगा, जीवन में सुख-शांति चाहते हैं तो नशा, जुआ, हिंसा, गलत संबंधों से बचें, कभी गलत तरीके से धन न कमाएं वरना जीवन में दिक्कतें बढ़ने लगेंगी।

## ब्राह्मण महासभा का विप्र चेतना समागम सम्पन्न

# 51 विभूतियों का हुआ अलंकरण सम्मान



जबलपुर। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा के तत्वावधान में आयोजित विप्र चेतना समागम का भव्य आयोजन विगत दिवस स्थानीय दत्त मंदिर गोल बाजार, जबलपुर में विधिवत उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु सुखानंद राघव देवाचार्य महाराज ने की। मुख्य अतिथि साकेत धाम के स्वामी गिरीशानंद महाराज थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पंडित वासुदेव शास्त्री एवं डॉ. हरिशंकर दुबे उपस्थित थे। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा के संस्थापक पंडित वीरेंद्र तिवारी, अध्यक्ष पंडित मुन्नालाल दुबे, दिलीप दुबे, प्रदेश महासचिव डॉ. अरुण मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत शाल एवं श्रीफल से किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विप्र चेतना समागम के अंतर्गत अलंकरण सम्मान के साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस भव्य गरिमामय आयोजन में 51 विप्र विभूतिओं का अलंकरण सम्मान के साथ ही गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ साहित्य विस्तार पटल के प्रभारी पंडित जगदीश दीक्षित का सम्मान शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला से ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित मुन्नालाल दुबे ने किया। इस अवसर पर उत्तर-मध्य क्षेत्र के विधायक अभिलाष पाण्डेय के साथ ही ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा के पं. रामकुमार व्यास, पं. पी.के. तिवारी एडवोकेट, आशीष मिश्रा एडवोकेट, अनिल दुबे एडवोकेट, यदुवंश मिश्रा, राजेश पाठक प्रवीण, पं. आशुतोष पांडे, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# अभा ब्राह्मण एकीकृत परिषद की बैठक संपन्न


जबलपुर। पूर्व सूचनाअनुसार अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जबलपुर के समस्त पदाधिकारियों ने आज एकता चौक विजयनगर में परिषद के संरक्षक राम शंकर शुक्ला के निवास पर बैठक का आयोजन किया, जिसमें विप्र समाज के प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान के लिए प्रतिवर्ष अनुसार जबलपुर में कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने कार्ययोजना पर चर्चा की गई, इस रूपरेखा को पूर्ण करने के लिए समस्त पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी राय रखी और पदाधिकारियों को उचित दायित्व दिये गये। शीघ्र ही इस संबंध में स्थान एवं दिनांक की घोषणा अगली बैठक में की जाएगी। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का आभार प्रदर्शन परिषद के संभागीय महासचिव पंडित श्याम सुन्दर चौबे द्वारा किया गया।

# जबलपुर में ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था शीघ्र चालू कर यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाए

## पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया के नेतृत्व में कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि विगत एक वर्ष से जबलपुर शहर के मुख्य चौराहों के ट्रेफिक सिग्नल बंद हैं, जैसे रद्दी चौकी, आधारताल, गोहलपुर एवं घमापुर आदि। जिसके कारण आए दिन शहरवासियों को परेशानी होती है एवं घंटों जाम लगा रहता है। आम नागरिक शहर में कहीं भी समय से नहीं पहुंच पाते क्योंकि चारों तरफ से भारी जाम में कोई भी यातायात नियमों का पालन नहीं कर पाता। जाम में फंसने के कारण एंबुलेंस, एक्जाम देने वाले बच्चे, मीटिंग्स में जाने वाले व्यक्ति एयरपोर्ट, बस स्टेण्ड, स्कूल, रेल्वे स्टेशन, ऑफिस आदि समय से नहीं पहुंच पाते। ट्रेफिक सिग्नलों पर पुलिस का न होना भी समस्या का कारण बनता है जिससे लड़ाई, झगड़े एवं एक्सीडेंट होते हैं। उक्त समस्या के संबंध में कलेक्टर से मांग की गई कि शीघ्र ही शहर के बंद सिग्नल चालू हों, यातायात दुरूस्त हो जिससे आम नागरिक को राहत प्रदान हो। उक्त संदर्भ में कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द शहर की ट्रेफिक व्यवस्था और ट्रेफिक सिग्नल सुधारे जाएंगे। ज्ञापन के दौरान कौशल्या गोंटिया, पूर्व मंत्री, कमलेश यादव, शहर महिला अध्यक्ष, इंदिरा पाठक तिवारी, रेखा विनोद जैन, संजय शर्मा, रोशन लाल कोल, अशोक गोंटिया, अश्वनि गोंटिया, एडवोकेट राजेश मिश्रा, एडवोकेट अशोक बर्मन, कमलेश कोल, राजेश सोनकर, राजेश मिश्रा, राहुल गुप्ता, राजेश साहू, जितेन्द्र यादव, अनीता गोंटिया, जितेन्द्र गोंटिया, मगन सिंह भूमिया आदि उपस्थित रहे।



# "राग से बैराग की ओर" उत्तम तप कल्याणक में आचार्य महाराज ने 90 दीक्षा दी

जबलपुर। पनागर में संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज के मंगल सानिध्य एवं 108 आचार्य भगवन समयसागर महाराज, ससंघ सानिध्य में उत्तम तप कल्याणक हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सभी क्रियाएं विधि विधान से चार्य वाणी भूषण बा. ब्र. विनय भैया (बण्डा), सहप्रतिष्ठाचार्य ब्रा नरेश भैया ने विधि विधान से कराईं। प्रातः 5:30 बजे से पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन, प्रभु का अवतार जन्म कल्याणक पूजन, शान्ति हवन, आचार्य श्री का पूजन किया गया, आपने जनसमूह को आशीर्वचन दिया। पाणिग्रहण संस्कार विधि (बासत) संपन्न हुआ, राज्याभिषेक, भेंट समर्पण, महामंडलेश्वर नियुक्ति, सेनापति नियुक्ति, षटकर्म उपदेश, दंडनीति, ब्राह्मीसुन्दरी को शिक्षा, नीलांजना नृत्य, लोकांतिक देव आगमन, युवराज भरत व बाहुबली राजतिलक, दीक्षाभिषेक, दीक्षा वनगमन, दीक्षाकल्याणक संस्कार विधि भी संपन्न हुई। आचार्य गुरु ने आदिनाथ को दीक्षा प्रदान की, साथ ही विभिन्न मंदिरों में भगवान की स्थापित होने वाली लगभग 89 प्रतिमाओं को भी दीक्षा आचार्य गुरुवर ने प्रदान की। रात्रि संगीतमय महाआरती का सौभाग्य सुदर्शन सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। शास्त्र प्रवचन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक नाटक "बाहुबली भरत महाराज का राज्य दरबार" की भी प्रस्तुति की गई।आज दोपहर में पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया एवं केंट के विधायक अशोक रोहानी, जबलपुर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कार्यक्रम में पहुंचकर आचार्य गुरुवर को श्रीफल अर्पित किया। गुरुवर ने दोनों विधायक को आशीर्वाद दियाञ श्री जैन प्रबंधकारी सभा के अध्यक्ष राजेश कटंगा पंपि शरद खजांची, आनंद जैन, मिंचू जैन, विमल जैन, प्रदीप चौधरी, अंकुर जैन, अंकित जैन, संतु जैन ने अतिथियों को स्मृति पत्र प्रदान किया।

# कचहरी वाले बाबा का उर्स शुरू, शाही सन्दल जुलूस आज



जबलपुर। हाई कोर्ट के समीप स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (कचहरी वाले बाबा) की दरगाह पर पाँच दिवसीय उर्स का शानदार आगाज़ बुधवार की रात महफ़िले मिलाद के साथ हुआ। महफिले मिलाद में नातखा हजरात ने अपनी नात ए पाक से माहौल को नूरानी बना दिया, मौलाना सैयद हुसैन रब्बानी ने अपने इल्मी बयान से लोगों के दिलों को रोशन किया। मिलाद शरीफ के दौरान के दरगाह परिसर नाराए तकबीर और नाराए रिसालत के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर दूर-दराज से अक़ीदतमंदों का आना शुरू हो गया है। महफ़िल के अंत में सलातो सलाम पेश किया गया और देश में अमन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं की गईं। उर्स के लिए दरगाह में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।सन्दल जुलूस- आज शाम 4 बजे परंपरानुसार कचहरी वाले बाबा का शाही संदल जुलूस नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खां के निवास से निकलेगा। जुलूस की कयादत सज्जादानशीन बाबर खां बन्दानवाजी और खदिम ए आला चंगेज खान अशरफी करेंगे। नागपुर के मशहूर कोड़े बरसाने वाले मलंग भी जुलूस में शामिल होंगे। जुलूस बड़ी ओमती, पेशकारी, छोटी ओमती और तहसील चौक से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहाँ मजार शरीफ पर चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी।



# छत्तीसगढ़ की टीम ने जीता श्रीसत्य साईं नेशनल क्रिकेट लीग यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट

जबलपुर।

जबलपुर के रेलवे स्टेडियम में श्री सत्य साईं नेशनल क्रिकेट लीग यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 17 व 18 मई को श्री सत्य साईं सेवा संगठन जबलपुर द्वारा बाबा के जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में किया गया। इसमें भाग लिए उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम विजेता रही व उत्तरप्रदेश की टीम उपविजेता रही।कार्यक्रम में श्री सत्य साईं सेवा संगठन के जोनल प्रसिडेंट भरत झावार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के प्रान्ताध्यक्षों के साथ श्री सत्य साईं क्रिकेट लीग के अध्यक्ष बोप्पन्ना साईं किरण व मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग के प्रमुख अरविन्द सोनी उपस्थित रहे, विशेष अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार विजेता मधु यादव भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत एपीएन स्कूल के बच्चों के बैंड व श्री सत्य साईं सेवा संगठन के वेदाचार्यों द्वारा वेद पाठ करते हुए बाबा के रथ को स्टेडियम के ग्राउंड का चक्कर लगाया गया जिसके पीछे-पीछे चारों प्रदेश की टीम मार्चपास्ट करती हुई ग्राउंड में आई। वेदों के दिव्य उच्चारण से गूँजता यह स्टेडियम एक अनोखी भव्यता प्रदर्शित कर रहा था। आयोजक संजय श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस खेल का उद्देश्य बाबा का सदेश "जीवन एक खेल है इसे खेलो" जन-जन तक आपसी प्रेम (यूनिटी कप) के माध्यम से महसूस करना है।

# अंतस का गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर। अंतस साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के द्वारा आयोजित अंतस गीत संगीत के आयोजन के अवसर पर हिन्दी सिनेमाई इतिहास के महान अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार को समर्पित आयोजन श्रीमती सरोज संतोषी के मार्गदर्शन, विनीता पैगवार विधि के निर्देशन, राजेश तिवारी के संयोजन एवं संदीप बनौधा के समन्वयन से गत दिवस शहीद स्मारक सभागार में आयोजित किया गया। आयोजन में दिनेश खड़ेतिया का बेहतरीन संगीत संयोजन रहा। संस्था के संस्थापक डॉ अनिल कुमार कोरी का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में श्रीमती अर्चना गोस्वामी, इंजी.अरुण भटनागर, श्री कमलकांत उपाध्याय, डॉ कृष्ण कुमार दुबे, डॉ आज्ञा मिश्रा, मास्टर अर्जुन श्रीवास्तव, शंकर टिलवानी, श्रीमती रुबीना बग्गन, श्रीमती रचना श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, प्रो नेहा खरे, श्रीमती रंजना गुप्ता, सुश्री प्रिया चौधरी, मनोज शर्मा, तुलसी राय, श्रीमती राधा थापा, इंजी.मृदुल चतुर्वेदी, डॉ.मीनाक्षी शर्मा, बेंज राजा, के श्रीराम, श्रीमती ज्योति नेमा, जगत राम शिवहरे, मनोज पटेल, श्रीमती लता बख्शी, जे पी खरे आदि ने शानदार नगमे पेश किए। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की।

इस अवसर पर अंतस संस्था द्वारा शिक्षाविद उत्तम मिरी को शिक्षा गौरव रत्न अलंकरण, कलासाधिका श्रीमती शिल्पा ताम्हड़े को अंतस कला रत्न अलंकरण, पैशन म्युजिक कलासाधक मनोहर सोनी एवं सत्यमी तिरपुड़े को अंतस कला रत्न अलंकरण, शिक्षाविद इंद्र सिंह राजपूत को शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।



# निःशुल्क शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जबलपुर। आदर्श कुशवाहा समाज रांझी द्वारा कुशवाहा भवन रांझी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कुशवाहा युवा संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा ने बताया कि डॉ. विवेक पटेल ने लगभग 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इस दौरान विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं। शिविर में रवि पटेल, पार्षद निशांत झरिया, मनोज कुशवाहा, दशरथ पटेल, आशुतोष वत्स, वृंदावन कुशवाहा आदि शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष वसंत कुमार कुशवाहा, अमित वर्मा, देवेंद्र कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, गुरु कुशवाहा आदि का योगदान रहा।

**CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, **SUMATA BAI KACHHI W/O Late RAM MILAN**, declare that name of mine has been wrongly written as **SOMTA BAI** in Pension Payment Order of P.C.D.A. (Pension) Allahabad. The actual name of mine is **SUMATA BAI KACHHI**, which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**(SUMATA BAI KACHHI)**
**Res. H.No. 05, Village Padri, Near Handpump, Padri Road, Chhatarpur, Panagar, Jabalpur (M.P.) 483220.**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर, (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम 25-26/36 दिनांक:- 19/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रज्ञा सिंघई पति श्री रजनीश कुमार सिंघई ने भवन क्रमांक 653 वार्ड शहीद गुलाब सिंह भूतल 1055 व.फु., प्रथमतल 350 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 653 वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री जयश्री पारवेकर पति श्री व्ही. बी. पारवेकर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-03 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर, (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम 25-26/35 दिनांक:- 19/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पलक शर्मा पिता श्री अनिल शर्मा ने शक्ति नगर के भवन क्रमांक 549 वार्ड शहीद गुलाब सिंह प्लाट 1000 व.फु.,भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु. वसीयत नामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 549 वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री जे. एल. शर्मा पिता श्री छगन लाल शर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-03 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर, (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम 25-26/34 दिनांक:- 19/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिवाल गुप्ता, श्री शुभांश गुप्ता पिता श्री राजीव गुप्ता ने आइडियल हिल्स के भवन क्रमांक 1923 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे द्वितीय तल 1284 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 1923 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री संदीप साहनी पिता श्री आनंद स्वरूव साहनी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-03 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर, (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम 25-26/33 दिनांक:- 19/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुनीत सिंह राजपूत पिता श्री मनोहर सिंह राजपूत ने भवन क्रमांक 1331, MIG-43 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 1589 व.फु.,भूतल 832 व.फु., प्रथमतल 832 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं.1331, MIG-43 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री सी. जी. भागवत पिता स्व. श्री जी. व्ही. भागवत के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-03 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है

# बीपीसीएल ने 30 से अधिक स्टार्टअप को दी ताकत, 28 करोड़ रु. का किया निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एनर्जी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और एआई के क्षेत्र में 30 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए अब तक 28 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि बीपीसीएल युवाओं को जॉब क्रिएटर्स और लीडर्स बनने के लिए सशक्त बना रहा है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है, जो कई क्षेत्रों में विकास और इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है।" उन्होंने आगे बताया कि बीपीसीएल का 'अंकुर' प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन से प्रेरित इस गति को बढ़ा रहा है।




## एनर्जी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर व एआई में 30 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनर्जी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और एआई के क्षेत्र में 30 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 28 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बीपीसीएल फ्यूल फ्लेक्सिबल टर्बाइन और कार्बन डाइऑक्साइड-से-मेथनॉल कनवर्जन जैसे महत्वपूर्ण इनोवेशन सुनिश्चित कर रहा है। हरदीप पुरी ने कहाकि हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जो इनोवेशन और अवसरों में अग्रणी है।

### प्रधानमंत्री की स्टार्टअप इंडिया पहल के लिए धन्यवाद

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्टार्टअप इंडिया पहल के लिए धन्यवाद, जो पूरे देश में इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ऑयल इंडिया लिमिटेड 50 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड के साथ हाइड्रोजन फ्यूल सेल-आधारित ई-बस के डिजाइन और ऑयल वेल के निरीक्षण और बहुआयामी तेल और गैस संचालन के लिए वायरलेस रोबोट के डिजाइन जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 15 स्टार्टअप का भी समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि 31 स्टार्टअप्स को लगभग 28 करोड़ रूपए डिस्बर्स भी किए जा चुके हैं।

# सीने से निकला नींबू के आकार का ट्यूमर

**जबलपुर।** जबलपुर के रहने वाले 43 वर्षीय मरीज अफज़ल अंसारी की मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों ने जान बचाई, जो दिल के ऊपर की जगह पर स्थित एक दुर्लभ प्रकार के ट्यूमर . एक्टॉपिक थाइमोमा (जो रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट के पास होता है) से पीड़ित थे। यह ट्यूमर नींबू के आकार का था और 5'5 सेंटीमीटर जितना बड़ा था। इस ट्यूमर को हटाने के लिए डॉक्टरों ने मिनिमली इनवेसिव रोबोट असिस्टेड सर्जरी की।




अफज़ल अंसारी श्वांस लेने में कठिनाई और मांसपेशियों में कमजोरी हो रही थी। प्रारंभिक इलाज मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों की मल्टी.डिसिप्लिनरी टीम द्वारा किया गया, जिसमें डॉ नितिन वडसकर (सीनियर फिजीशियन इंटरनल मेडिसिन) और डॉ. केतन चतुर्वेदी (न्यूरोलॉजी डायरेक्टर) शामिल थे। इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ अमोल डोंगरे (डायरेक्टर, ऑन्कोलॉजी) और डॉ अभिनव देशपांडे (डायरेक्टर) सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्को. सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने किया।

बीसीसीआई का दावा

# एशिया कप से भारत के हटने की खबर सिर्फ अटकलबाजी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को उस खबर को 'अटकलबाजी और काल्पनिक' करार दिया जिसमें दावा किया गया है कि उसने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसला किया है।

सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई भारतीय टीमों को एशियाई क्रिकेट परिषद की दो प्रतियोगिताओं में ऐसे समय में प्रतिस्पर्धा नहीं करने देगा जब इस क्रिकेट संस्था का नेतृत्व एक पाकिस्तानी कर रहा है और कुछ ही दिन पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं और एसीसी के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं। गत चैंपियन भारत सितंबर में टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरों की जानकारी मिली है कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। ये दोनों ही एसीसी प्रतियोगिताएं हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है।'

### अभी आईपीएल और टेस्ट सीरीज पर ध्यान

सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई इंडियन प्रीमियर लीग और अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा, 'इस समय हमारा ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद इंग्लैंड में होने वाली श्रृंखला पर है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रृंखलाएं शामिल हैं। एशिया कप या एसीसी की किसी अन्य प्रतियोगिता से जुड़ा मुद्दा किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है इसलिए इस पर कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें और काल्पनिक है। यह कहा जा सकता है कि बीसीसीआई जब भी एसीसी की किसी प्रतियोगिता पर कोई चर्चा करेगा और कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा तो मीडिया के माध्यम से इसकी घोषणा की जाएगी।'

# अनवर ने सुपर फाइटर सीरीज में घाना के अलोटे को हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के फैजान अनवर ने घाना के कपाकपो अलोटे पर 10 दौर के वेल्टरवेट अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबले में शानदार जीत हासिल की।

'ग्रासरुट मुक्केबाजी और क्राउन मुक्केबाजी' की मेजबानी में यह 'सुपर फाइटर सीरीज 3' का मुख्य आयोजन था। मूल रूप से कोलकाता के अनवर अब दुबई में रहते है। उन्होंने हर दौर में अपना दबदबा कायम करते हुए दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। यूक्रेन के डैनिलो होन्चारू ने डब्ल्यूबीए एशिया मिडिल-ईस्ट सुपर लाइटवेट खिताब जीता। उनके प्रतिद्वंद्वी जब दागिस्तान के रुसलान कामिलोव तीसरे दौर में रिटायर हो गए। महिला वर्ग में हरियाणा की रानी देवी ने बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा को सर्वसम्मत निर्णय से हराया। अन्य मुकाबलों में मिजोरम के एफ. जोरमछाना ने बेंगलुरु के हर्ष सरोहा पर एकतरफा जीत दर्ज की। बेंगलुरु की एक अन्य पेशवर मुक्केबाज कमला रोका ने भी पंजाब की महकप्रीत पर सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की।



एजीआर बकाया की माफी से जुड़ी याचिका खारिज

# वोडाफोन, एयरटेल, टाटा टेलीसर्विसेज को सुप्रीम कोर्ट से लगा तगड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों वोडाफोन, एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज की ओर से दाखिल समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया माफ करने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने याचिकाओं को गलत धारणा वाला बताया। वोडाफोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा कि हमारे समक्ष आई इन याचिकाओं से हम सचमुच स्तब्ध हैं। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती। हम इसे खारिज करेंगे।शीर्ष अदालत ने दूरसंचार कम्पनियों की मदद करने की सरकार की इच्छा के आड़े आने से इनकार कर दिया। वोडाफोन ने अपने एजीआर बकाये के ब्याज, जुर्माने और दंड घटकों पर ब्याज के रूप में लगभग 30,000 करोड़ रुपए की छूट मांगी है।

रोहतगी ने पहले कहा था कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए याचिकाकर्ता फर्म का अस्तित्व बचे रहना महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि हाल ही में बकाया ब्याज के इक्विटी रूपांतरण के बाद अब केंद्र के पास कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### एसबीआई ने की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने सभी अवधियों की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती की है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार 3 करोड़ रुपए से कम की खुदरा घरेलू सावधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए लागू है। 2 वर्ष से 3 वर्ष से कम की अवधि के लिए जमा पर निवेशकों को अधिकतम 6.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, इसके बाद 3 वर्ष से 5 वर्ष से कम की अवधि के लिए 16 मई से 6.55 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। 5 वर्ष से 10 वर्ष की सावधि जमा पर अब आम जनता के लिए 6.30 प्रतिशत ब्याज मिलता है, जबकि 1 वर्ष से 2 वर्ष से कम अवधि की जमा पर यह 6.5 प्रतिशत है। बैंक के अनुसार अमृत वृष्टि (444 दिन) की विशिष्ट अवधि योजना की ब्याज दर भी 7.05 प्रतिशत से संशोधित कर 6.85 प्रतिशत कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिक और अति वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु के) ब्याज दर में अतिरिक्त लाभ के लिए पात्र हैं। पिछले महीने भी, एसबीआई ने आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के बाद जमा दरों में 10-25 आधार अंकों की कटौती की थी। अप्रैल में रिजर्व बैंक ने लगातार दूसरी बार मुख्य ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी, ताकि अमेरिका की आरे से पारस्परिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रहे विकास को सहारा दिया जा सके।

4,75,000 डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट आज से होगा शुरु

# सिंधू, प्रणय को मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा। आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है।



### सतीश को मिला कड़ा ड्रॉ

पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी का सामना क्वालीफायर से होगा जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फैंग हुई के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रंगीन क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** - भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** - आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** - खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** - कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** - नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** - बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** - नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** - पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।

**धनु** - शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** - मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव

**कुंभ** - मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** - सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

कर प्रणाली लागू करने से पहले 18 भाषाओं का था वादा

# अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी अपीलों को प्रस्तुत करने की अनुमति देना चाहिए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




जीएसटी ट्रिब्यूनल के नियमों के अनुसार अपील दायर करने के लिए सारे कागज अंग्रेजी में होना अनिवार्य है, मध्य प्रदेश एक हिंदी भाषी प्रदेश है यहां पर अधिकतर कार्य हिंदी में ही किए जाते हैं राज्य कर विभाग में सारे आदेश हिंदी में ही पारित होते हैं। अगर किसी व्यापारी को अपील फाइल करना है तो उसे सारे आदेशों का अंग्रेजी अनुवाद करवाना एवं उन्हें सत्यापित करना एक अलग खर्च बढ़ाने वाला कार्य है। शासन को अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी अपीलों को प्रस्तुत करने की अनुमति देना चाहिए। यह बात टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कही।

उन्होंने अनुसार जानकारी लगी है कि जीएसटी ट्रिब्यूनल में राजभाषा हिंदी को अमान्य कर रहा है। सिर्फ अंग्रेजी में लिखित प्रकरण ही स्वीकार किया जा रहा है। इतना ही किसी प्रकरण को दाखिल करने और पैरवी करने के मामलों में संबंधित दस्तावेजों को भी अंग्रेजी में अनुवाद कर लगाना पड़ रहा है। अतःजीएसटी ट्रिब्यूनल इस रवैए से पेशेवर टैक्स सलाहकारों में असंतोष है। कर सलाहकारों के अनुसार 2017 में जब जीएसटी प्रणाली लागू हुई थी तो उस समय सरकार ने इस प्रणाली को सुलभ बनाने के लिए तमाम घोषणाएं की थीं। ऐलान हुआ था कि जीएसटी पोर्टल 18 भाषाओं में काम करेगा। वो तो हुआ नहीं, अब ट्रिब्यूनल में तो हिंदी को भी बिसरा रहा है। चार्टर्ड अकाउंटेंट कहते हैं हिंदी के दस्तावेजों को तो आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी मान्य किया जाता है। जीएसटी में भी कम से कम तीन भाषाओं को तो मान्यता होना चाहिए।

**आवश्यकता है**
तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5872



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली-5871 का हल



## सूडोकु नवताल - 5882

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5881 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

हरिभूमि
# सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

## सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी
घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्प:** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारें:** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचें:** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।

**कुछ नया सीखें:** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरे नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।

**असफलता से डरें नहीं:** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनें:** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**कभी दूसरों से तुलना न करें:** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्य:** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंज:** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी। a

## जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप
नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।




**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते:** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रिया:** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करें:** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राह:** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है। a



केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर

समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।

**सनस्क्रीन:** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।



**स्क्रबिंग:** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्क:** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यान:** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं। a

एडवाइस
डॉ. अविनाश कुमार
एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

## बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सही:** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेस:** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएं:** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएं:** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएं:** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेन:** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमण:** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें। a

**प्रस्तुति: अलका 'सोनी'**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com




# पंजाब के लिए बुरी खबर, कप्तान अय्यर हो सकते हैं बाहर, उंगली में लगी चोट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 मैच में फील्डिंग नहीं करने के पीछे की वजह बताई है। रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 25 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि, दूसरी पारी में वह मैदान पर नहीं उतरे और उनकी जगह शशांक सिंह ने कप्तानी संभाली।

मैच के बाद अय्यर ने बताया कि अभ्यास सत्र के दौरान उनकी तर्जनी उंगली पर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह फील्डिंग नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 'यह उंगली की चोट है (अपनी तर्जनी की ओर इशारा करते हुए)। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ है। कल अभ्यास के दौरान मुझे चोट लगी थी, अब मुझे जांच करानी होगी कि समस्या क्या है।'



### अय्यर के नाम जुड़ा रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास में तीन अलग-अलग टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ में पहुंचाया था, 2020 में टीम को फाइनल तक ले गए थे। बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में फाइनल में पहुंचे और अब पंजाब किंग्स को 2025 में प्लेऑफ में पहुंचाया है।

### मैदान के बाहर से टीम को देते रहे निर्देश

अय्यर मैदान के बाहर से टीम को निर्देश देते रहे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहे। उन्होंने कहा, 'मैं सभी खिलाड़ियों को सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज बनाए रखने का संदेश दे रहा था। आप कभी-कभी महसूस करते हैं कि खेल हाथ से निकल गया है, लेकिन मैं हर खिलाड़ी पर गर्व करता हूं कि उन्होंने साहसिक रवैया दिखाया।' इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने 10 रन से मुकाबला जीतकर प्लेऑफ़ में जगह बना ली।

## नाइट राइडर्स ने शुक्ला, आरसीबी ने मुजरबानी को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर क्रमशः शिवम शुक्ला और ब्लेसिंग मुजरबानी को चुना है। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके नाइटराइडर्स ने शेष मुकाबलों के लिए रोवमैन पावेल की जगह शुक्ला को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर पावेल को अपने टॉन्सिल की सर्जरी करानी है। लेग स्पिनर शुक्ला घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हैं और 30 लाख रुपये में नाइट राइडर्स से जुड़ेंगे। इस बीच आरसीबी ने लुंगी एनगिडी की जगह मुजरबानी को चुना है। एनगिडी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल हो गए हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अब तक 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टेस्ट और 55 एकदिवसीय मुकाबलों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है। वह 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे।

खास खबर

## नीरज अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने को तैयार



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की 'मानसिक बाधा' को पार करने के बाद सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे कि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, 'अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं।' एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।'

### स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए छोड़ी शराब

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी। तैंतीस वर्षीय स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी।

### खेल स्टार्टअप के लिए की नई पहल की घोषणा

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फोर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नीति वकालत पहल की घोषणा की है जिसमें आईएमटी गाजियाबाद उसका भागीदार होगा। एएसआईपी भारत के खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अहम कमियों को दूर करने के लिए अपने नीति वकालत के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए एएसआईपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह इस क्षेत्र में उद्यमिता, निवेश और 'स्केलेबिलिटी' का समर्थन करने के लिए एक व्यापक नीति ढांचा विकसित कर रहा है।

## एचआईएचल की तीन महीने की पंजीकरण विंडो खुली

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के एक हजार से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों के हॉकी इंडिया लीग की तीन महीने लंबी पंजीकरण प्रक्रिया के लिए नामांकन करने की उम्मीद है जो सोमवार से शुरू हुई। पिछले साल सात वर्ष के अंतराल के बाद एचआईएल को फिर से शुरू किया गया था जिसमें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने पुरुष वर्ग और ओडिशा वारियर्स ने महिला वर्ग का खिताब जीता था। भारत के अलावा नीदरलैंड, बेल्जियम, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, अर्जेंटीना, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, मलेशिया और दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी पुरुष वर्ग में पंजीकरण कर सकते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं दोनों टीमें

# आज चेन्नई और राजस्थान के सामने आईपीएल में प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को भिड़ेंगी। इंडियन प्रीमियर लीग में जब दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी।

मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं।



### चेन्नई में बदलाव का दौर

आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीस वर्षीय म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। पटेल देर से टीम में शामिल हुए लेकिन उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने अब तक जो किया है उसे अगले सत्र का ट्रेलर कहा जा सकता है।

### धोनी नहीं बदल पाए किस्मत

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं। कई लोगों को उम्मीद थी कि धोनी के कप्तान के रूप में वापस आने से टीम की किस्मत बदल जाएगी लेकिन इतने सीमित संसाधनों के साथ वह भी कुछ खास नहीं कर सके। डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र जैसे विदेशी खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन सुपरकिंग्स के लिए कुछ भी काम नहीं आया। सुपरकिंग्स को अगली नीलामी के दौरान अपना बल्लेबाजी संयोजन बेहतर करना होगा।

### गेंदबाजों ने दिलाई जीत

मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला।

### सीएसके का पुराना फार्मूला फेल

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और परखे हुए खिलाड़ियों को शामिल करने का उसका पुराना फार्मूला मौजूदा सत्र में पूरी तरह से विफल रहा जिससे टीम का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी।

### टेस्ट कप्तानी : गिल की योग्यता का आकलन करना अभी जल्दबाजी

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच आशीष कपूर का मानना है कि शुभमन गिल एक 'सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं। लेकिन यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगर उन्हें भारतीय टीम की कमान सौंपी जाती है तो वह टेस्ट प्रारूप में अपनी टी20 कप्तानी की सफलता को दोहरा पाएंगे या नहीं। मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाने वाले गिल को रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। कपूर ने कहा, 'अगर आप शुभमन को बल्लेबाज या मूल रूप से क्रिकेटर के तौर पर देखते हैं, वह सोच-समझकार काम करने वाला है या नहीं, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में काफी सोच-समझकर काम करता है।


### दीक्षा डच लेडीज ओपन में संयुक्त 9वें स्थान पर

**हिल्वरसम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा।

## खबर संक्षेप

### मेसी के केरल का दौरा करने में संदेह नहीं

**कोट्टायम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने सोमवार को कहा कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पूर्व निर्धारित राज्य की यात्रा के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों को खारिज किया। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार और उनकी टीम के इस साल अक्टूबर या नवंबर में राज्य में मैच खेलने की उम्मीद है। मौजूदा अटकलों को खारिज करते हुए खेल मंत्री ने जोर देकर कहा कि मेस्सी की यात्रा के बारे में 'संदेह की कोई गुंजाइश नहीं' होनी चाहिए।



### सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में लगाई गईं फ्लडलाइट

**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने रंगपो के माइनिंग में सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में फ्लडलाइट का उद्घाटन किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिश्वनाथ सोमद्दर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री तमांग ने कहा, 'यह सुविधा सिक्किम सरकार के सहयोग से विकसित की गई है जिसकी बुनियादी ढांचे के विकास और जन कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता ने इस पहल को संभव बनाया है।' उन्होंने कहा कि यह राज्य में क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय है।



### उत्तर प्रदेश में बनेगा चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपए की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इसमें दो मंजिला स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार अभ्यास पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा।



**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, जबलपुर
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

**निविदा प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 04/2025-26 अंतर्गत विभिन्न मरम्मत कार्य जिला-सिवनी के ऑनलाइन निविदा क्र. (2025_MPPHC_420172, 420173, 420174, 420175, 420176, 420177, 420179, 420180, 420181) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.06.2025 तक खरीद कर सायं 06:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal: **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/120172/2025 — **परियोजना यंत्री**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-145 20/05/2025 2025_UAD_414868_1 | पंड़ित मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत कय्यूम हाफिज जी से लेकर शफीक किराने की मोड तक आर. सी. सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह रू. 3.35 लाख | 2000/- 3353/- | 26/05/2025 |
| 2 | PRO-145 20/05/2025 2025_UAD_414868_2 | पंड़ित मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत नेशनल स्कूल से लेकर तैयबा मस्जिद तक आर. सी. सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह रू. 4.44 लाख | 2000/- 4443/- | 26/05/2025 |
| 3 | PRO-145 20/05/2025 2025_UAD_414868_3 | पंड़ित मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत प्रिंस मेडीकल से लेकर मुख्तार होटल चौराहे तक रोड एवं पुलिया निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह रू. 17.74 लाख | 2000/- 13312/- | 03/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-14**
**नगर निगम जबलपुर**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**नागपुर मंडल में रेलवे की विभिन्न आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, द.पू.म.रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित है:

**1. निविदा क्र.:** NIT/25/MAY/321255196 दिनांक: 30.04.2025
**आइटम का विवरण**: LHB कोचेस आदि के लिए सीटों और बर्थों का सेट। **5 सेट्स**
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 60,16,711/- **ईएमडी:** ₹ 1,20,330/- | **देय तिथि:** दिनांक **30.05.2025 | देय समय: 10:30** बजे।

**2. निविदा क्र.:** NIT/25/MAY/321255095A/02 दिनांक: 09.05.2025
**आइटम का विवरण**: थिनर कम्पैटिबल - 800 Ltrs. से इंटरमीडिएट कोट: फ्लूरोपॉलीमर - 4500 Ltrs. और टॉप कोट: फ्लूरोपॉलीमर-3760 Ltrs. | कुल मात्रा-9060 Ltrs.
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 65,10,060/- **ईएमडी:** ₹ 1,30,200/- | **देय तिथि:** दिनांक **29.05.2025 | देय समय: 10:30** बजे।

**नोट:** ई-निविदा में सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएँ।
**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
MS/05-24
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.** 1912
Regd. Office Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN :U40109MP2002SGC015120Tel- 0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email: cepurez@yahoo.in

S.E.(O&M)/E-TENDER/No.333 — **NOTICE INVITING TENDER** — Umaria,Dtd:- 16.05.2025

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as Installation, testing and commissioning of 11 KV Line, Distribution Transformer, LT line & providing for electrification of un-electrified tribal household in village identified under DhartiAabhaJanjatiya Gram UtkarshAbhiyan (DA-JGUA) in (O&M) Circle MPPKVVCL, UMARIA, as per scope of work detailed below:-

| Sl. No. | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs. in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 14:00 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS.NO.54/2025 Cir (eTenderNo. 2025_PKVVC _424112_1) | Installation, testing and commissioning of 11 KV Line, Distribution Transformer, LT line & providing for electrification of un- electrified tribal household in village identified under Dharti Aabha Janjatiya Gram Utkarsh-Abhiyan (DA-JGUA) in (O&M) Circle MPPKVVCL, UMARIA | 87.70 | 2360 | 04.06.2025 |

• Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh. • GST shall be payable extra as applicable at the time of bidding. Present rate of GST is 18%.
**SAVE ELECTRICITY**

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग नोटिस) (1) क्रमांक (2) गृह ऋण खाता क्रमांक (3) ऋणी का नाम व पता (4) सम्पत्ति का पता (5) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक (6) बकाया राशि क्र.

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 8002050001861 | श्री अमित कुमार श्रीमती माही कुमारी पताः मकान नंबर 236, अनमोल सिटी, घाना, जबलपुर, एमपी – 482001 | प्लॉट नंबर 28, खसरा नंबर का हिस्सा 89/2, 92/1, मौजा घाना, एनबी 634, पटवारी हल्का नं. 14/43, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, मप्र, 482005, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट | 25/08/2023 28,00,000/- 13/05/2025 | 29,23,462.58/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500016809 | श्री शेरिफुल हुसैन काजी सुश्री मासूमा बेगम पता 1) –148/4, वालेंस लाइन–3 ग्रेन्डियर्स, जबलपुर, मप्र –482001 पता 2) – प्लॉट संख्या सी–267, सिग्मा कान्हा, सालीवाड़ा, बरेला रोड, जबलपुर मप्र –482001 | लेआउट प्लॉट नंबर सी–267, सिग्मा कान्हा, मौजा सालिवाड़ा, एनबी 485, पटवारी हल्का नंबर 51 (नया 76), आरएनएम खमरिया, तहसील और जिला जबलपुर, एमपी, 482020, क्षेत्रफल 840 वर्ग फीट | 20/02/2021 18,50,000/- 14.05.2025 | 17,65,201.74/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी। जिनको आपने स्वीकार किया था। (1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है। (2) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त (कालम नं. 5) आस्ति। प्रतिभूति अनुबंध (रक्षित आस्ति) से रक्षित है। इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है। (3) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है। इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है। (4) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है (कालम नं. 6) 1 (5) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें, न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 (4) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। (6) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी। जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **31.05.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि (यदि कोई हो तो) आपको भुगतान दिया जायेगा। (7) एक्ट की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण, बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे। (8) एक्ट की धारा 13 (10) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है।

दिनांक : **20.05.2025**
स्थान : जबलपुर
आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## होटल में आराम फरमा रहे आरोपियों को क्राईम ब्रांच ने दबोचा

# लग्जरी कार में जाते थे चोरी करने

हरिभूमि जबलपुर।

क्राईम ब्रांच की टीम ने नासिक की एक चोर गैंग को पकड़ा है जो यहां गढ़ा थाना क्षेत्र के एक होटल में आराम फरमा रहे थे। पुलिस की माने तो यह शातिर गैंग लग्जरी कारों में चोरी करने जाती थी। आरोपियों ने गोराबाजार थाना क्षेत्र में 15 -16 लाख का माल चोरी किया है। अभी तक पुलिस ने कुछ माल बरामद कर लिया है अन्य चोरियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कि उन्होंने शहर के अलावा और कहां-कहां वारदातों को अंजाम दिया हैं।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों पेट्रोल पंप के पीछे कटर से ताला काटकर एक सूने मकान में भी इन्हीं आरोपियों ने वारदात की थी यहां अमेरिकन डॉलर और भगवान की मूर्तियां यहां तक सीसीटीव्ही कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए थे। इस घटना के बाद इन्हीं आरोपियों ने गोराबाजार क्षेत्र में लगभग 15-16 लाख रुपए के माल की चोरी की थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गढ़ा थाना अतंर्गत त्रिपुरी चौक स्थित मारुति मंडपम होटल में दबिश दी, जहां दोनों चोरियों के आरोपी आराम फरमा रहे थे। आरोपियों के नाम




ऋषिकेश मधुकर और संजय भोले निवासी नासिक (महाराष्ट्र) के बताए गए है।

क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि दोनों चोर वहां सो रहे थे, जिन्हें टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अभी दो तीन वारदातों को और अंजाम देते और निकल जाते। आरोपियों से अभी ओर पूछताछ की जा रही हैं अन्य चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

बताया गया है कि लग्जरी कार में जाकर आरोपियों ने कार का नंबर भी बदल दिया था। जिस स्कॉडा कार से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था उसका नंबर जीजे 16 डीके 0675 था लेकिन जब उन्हें पकड़ा गया तो उनके पास से दो गुजरात पासिंग नंबर प्लेट भी बरामद हुई। जांच में खुलासा हुआ कि गुजरात पासिंग जो नंबर प्लेट लगाकर चोरी की गई थी, वह फर्जी थी।

### अभी तक ये हुई बरामदगी

चोरों के पास से करीब 92.5 ग्राम सोना, चांदी 325 ग्राम, 1 कारवां रेडियो, एक सीपी प्लस कंपनी का डीवीआर, सात मोबाइल फोन, एक नग लोहे का ब्रांडेड कटर, एक स्टील की रॉड, चार नग लोहे की पेंचकस, दो ब्रीफ केस सहित अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

### दिन में घूमकर करते थे रैकी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग दिन में कॉलोनियों में घूम-घूमकर देखते थे कि किन मकानों में ताला लगा है। रैकी करके ही उन दोनों ने सुभान सिंह निवासी छग्गर फार्म तिलहरी और यादव कॉलोनी निवासी आशीष कुमार मिश्रा के घर को निशाना बनाया। शातिर चोरों को दबोचने क्राईम ब्रांच के प्रभारी शैलेष मिश्रा, एसआई चंद्रकांत झा, एएसआई धनंजय सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक राजेश मातरे, राजेश मिश्रा सहित अन्य की सराहनीय भूमिका थी।

## आनन-फानन में बैठक बुलाकर अधिवक्ताओं के साथ किया मंथन

# डिफेंस ईस्टेट ऑफिस के नोटिस के बाद कैंट में बंगला-बगीचों के रहवासियों में हड़कंप

हरिभूमि जबलपुर।

डिफेंस ईस्टेट ऑफिस (डीईओ) जो कि कैंट में सैन्य भूमियों का प्रबंधन का कामकाज देखता है। कैंट के बंगला-बगीचों में रहने वालें परिवार को डीईओ द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल यहां बगीचों की जमीनों के रहवासियों ने नोटिस जारी होते ही किसानों ने आनन फानन में बैठक बुलाकर डीईको के नोटिस पर आगे की रणनीति पर चर्चा की। इधर दूसरी ओर वर्तमान डीईओ ने स्पष्ट किया है कि जबलपुर कैंट स्थित बगीचों की जमीनें भविष्य में सैन्य प्रशासन के उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है। नोटिस की इस लाइन ने बगीचा रहवासियों की धड़कन बढ़ा दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार डिफेंस ईस्टेट आफिसर (डीईओ) नेहा गुप्ता द्वारा पिछले दिनों एक नोटिस जारी किया गया था। जिसमें उनके द्वारा चेतावनी शब्दों में बताया गया था कि जबलपुर कैंट स्थित समस्त बंगलों एवं बगीचों की भूमियों का भू-स्वामित्व भारत सरकार रक्षा मंत्रालय का है। जिसका प्रबंधन डीईओ कार्यालय जबलपुर किया जा रहा है।

इसलिए बगले की जमीन को बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के क्रय-विक्रय एवं किसी भी प्रकार का हस्तान्तरण पूर्णतः निषिद्ध एवं अवैधानिक है। डीईओ ने आगे कहा कि बगीचों की भूमियों के विषय में विशेषतः सूचित किया जाता है कि बगीचों के भूमियों की लीज पूर्व में ही समाप्त हो गयी है। वहीं बगीचों की भूमियों को भविष्य में सैन्य प्रशासन के उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस नोटिस के सार्वजनिक होते ही कैंट के बगीचा और बंगला क्षेत्रों में रहने वालों की धड़कने बढ़ी हुई है। वे अचानक जारी हुए नोटिस के पीछे विभाग की क्या मंशा है इसकी पतासाजी में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि कैंट के बगीचों और बंगला क्षेत्रों में रहने वालों को पूर्व में कैंट बोर्ड ने अतिक्रमणकारी बताते हुए उनके नाम अपनी वोटर लिस्ट से काट दिया था। जिसके बाद से उनके ऊपर बेदखली की तलवार लटक रही है।

इधर, छावनी किसान संघ द्वारा एक बैठक एडवोकेट द्वारका प्रसाद वर्मा के निवास झिरिया सदर में रखी गई। एडवोकेट राजेश कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बगीचे एवं बंगलो को लेकर डिफेंस स्टेट आफिसर जारी हुए नोटिस पर मंथन किया गया। एडवोकेट द्वारका वर्मा ने कहा कि किसान ब्रिटिश शासन काल से उपरोक्त भूमि पर पीढ़ी दर पीढ़ी से खेती-किसानी करके अपने परिवार का जीवन यापन करते चले आ रहे हैं। उन्हें बेवजह डराया-धमकाया जा रहा है। वहीं कैंट बोर्ड के पूर्व मेंबर सुंदर अग्रवाल ने कहा कि किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं हैं। इस मामले में सांसद व विधायक से चर्चा करके स्थिति को स्पष्ट किया जाएगा। किसानों को जब भी आवश्यकता पड़ेगी उनकी मदद की जाएगी।



## रेलवे के कोचिंग डिपो में बनायी गयी स्प्रिंग पेंटिंग बूथ

**जबलपुर।** गाड़ियों को झटके अथवा जर्क से बचाव हेतु कोच में स्प्रिंगों को लगाया जाता हैं। इन स्प्रिंगों में आयी नमी के कारण, स्प्रिंगों में जंग लग जाती हैं। जंग लगने से आयी कमजोरी के कारण स्प्रिंगों में क्रैक आ जाते हैं, जिसके कारण गाड़ियों को प्रतिबंधित गति से चलाया जाता हैं इससे गाड़ियों का विलंबन होता हैं इसीलिए स्प्रिंगों की जंग से सुरक्षा के लिए पेंटिंग का कार्य किया जाता हैं। पेंटिंग के कार्य को संपन्न करने के लिए कोचिंग डिपो जबलपुर में स्प्रिंग पेंटिंग बूथ बनाया गया हैं, जिसमें स्प्रिंग को अन्दर रखकर पेंटिंग की जाती है ताकि पेंट के कण वातावरण में न फैले, जिससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकें। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के यांत्रिक विभाग द्वारा किये जाने वाले इनोवेशंस का मुख्य उद्देश्य, रिनोवेशन एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों से वातावरण के संतुलन में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, जिससे यात्रियों द्वारा सुखद एवं बेहतर यात्रा पूर्ण की जा सकें। उपरोक्त कार्य प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर एम विजय कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा के उचित मार्गदर्शन में किया जा रहा हैं।

## लूट के आरोपी को ग्वालियर से पकड़कर लाई पुलिस

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानाक्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार चल रहे कृष जाटव को पुलिस ने उसके पैतृक निवास ग्वालियर से दबोच लिया है। आरोपी के पास से लूटी गई एक सोने की चैन बरामद हुई है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों आरोपी कृष जाटव और साहिल बेन ने मिलकर थानाक्षेत्र में रहने वाली दो महिलाओं से गले से चैन और मंगलसूत्र एक ही दिन में झपट्टा मारकर छीने थे। जिसके बाद पुलिस ने साहिल बेन को तो दबोच लिया था। लेकिन कृष जाटव फरार था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ग्वालियर स्थित उसके पैतृक निवास पहुंची जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## बरगी डेम में डूबे शाहबुद्दीन की तलाश जारी

# 21 घंटे रेस्क्यू के बाद भी टीम के हाथ खाली

हरिभूमि जबलपुर।

6 साल की मासूम मासफा अपने छोटी बहन 4 साल की नादिरा के साथ दरवाजे पर बैठी है इस इंतेजार में की अब्बू आ रहे हैं. मां गुलनार अपने 1.5 के साल के बेटे जियाफ को गोद में लिये रो रही है... डर सहमे दिल के साथ बैठी है दुआ कर रही है की काश कोई आकर कह दे की उसके शोहर.. मासफा नादिरा और जियाफ के अब्बू मिल गये हैं, घर आ रहे हैं. 21 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद भी अब तक शाहबुद्दीन का कोई पता नहीं चल सका। यहां उल्लेखनीय है कि अमखेरा तालाब के पास रहने वाले सिराजुद्दी अंसारी के बेटे शहाबुद्दीन गत रविवार की दोपहर 2 बजे अपने दोस्तों के साथ बरगी डैम पिकनिक मनाने गये थे. लेकिन नहाने के लिये आगे बढ़े और



गहरे पानी की चपेट में आ गये और डूबने लगे, जबतक दोस्त कुछ समझ पाते वो बहाव के साथ दूर निकल गये।

दोस्तों ने स्थानीय थाने और परिजनों को फोन किया. किसी तरह रेस्कयू अभियान शुरु हुआ, जो अंधेरा होने तक चलता रहा, लेकिन शाहबुद्दीन का कोई पता नहीं चला. सोमवार के दिन सुबह फिर से रेस्कयू आपरेशन शुरु हुआ। बरगी पुलिस, एनडीआरएफ, होमगार्ड और स्थानीय गोताखोरों की संयुक्त टीम ने शाहबुद्दीन की तलाश शुरु की। सोमवार को भी शाम 5 बजे तक रेस्क्यू आपरेशन चला, लेकिन शाहबुद्दीन को काई पता नहीं चला। अब आज मंगलवार को सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान शुरु होगा। शाहबुद्दीन की तलाश में परिजन दिन रात घटना स्थल पर हैं। अब उम्मीद कम हैं लेकिन सब यही दुआ कर रहे हैं की शाहबुद्दीन सही सलामत मिल जाए।

## खराब अनाज भेजने पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** गत दिनों जबलपुर से टीकमगढ़ सप्लाई किये गये 25 हजार क्विंटल चावल के रैक के खराब निकलने का मामला प्रकाश में आया है। वहाँ के राशन की दुकानों से राशन लेने वाले हितग्राहियों को मिलने वाले 378 राशन की दुकानो से 3 माह तक हितग्राहियों को बाटने के लिये जबलपुर से जो 25 हजार क्विंटल चावल भेजा गया था वह 90 फीसदी गुणवत्ताहीन पाया गया है, जो इंसानों के खाने लायक नहीं बल्कि कैटल फीड रहा और जानवरों को खिलाने के काम में आता हैं। खराब चावल का हल्ला मचने से तूल पकड़ते देख वहां हितग्राहियों को देने योग्य नहीं पाये जाने से उन्हें नहीं दिया गया और सेग्रीगेशन की प्रक्रिया अपनाई गई। इस कारण वहां राशन नहीं मिलने से राशन लेने वाले हितग्राहियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मामले को संज्ञान में लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, टीकमगढ़ के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में तलब किया है।

## लार्डगंज और ओमती थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें

# सूने घर का ताला तोड़कर 200 अमेरिकन डॉलर चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज और ओमती थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। लार्डगंज न्यू आर्दश कालोनी एमआर 4 रोड स्थित एक घर का ताला तोड़कर और ओमती में सिद्धार्थ नगर में छत की सीमेंट सीट को तोड़कर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने चांदी की मूर्ति, अमेरिकन डॉलर, डीवीआर और एलईडी 52 इंच की टीव्ही चोरी कर ले गए। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू आदर्श कालोनी एमआर 4 रोड निवासी 60 वर्षीय स्टडी टाईम लायब्रेरी संचालक आशीष मिश्रा गत रात लगभग 10 बजे अपने घर से बाहर गया था और रात लगभग 10.30 बजे घर वापस आया तो उसके होश उड़ गए। उसके घर के प्रथम तल का ताला कटा हुआ था। घर के अंदर रखी दोनों आलमारियों के तीनों ताले टूटे हुये थे सामान चैक करने पर घर में रखे लगभग 200 अमेरिकन डालर, चांदी की छोटी लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति, कैमरे की डीवीआर, अज्ञात चोर चारी कर ले गया है। इसी प्रकार ओमती में सिद्धार्थ नगर छोटी ओमती निवासी 29 वर्षीय जय सोंधिया गत सुबह लगभग 11 बजे अपने परिवार सहित अपनी मौसी श्याम बर्मन के घर बरेला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे अपने घर आए और ताला खोलकर अंदर जाने लगे, दरवाजा नहीं खुलने पर जोर से धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया, अंदर से दरवाजा जेआई तार से बंधा हुआ था। घर की छत में लगी सीट तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसे और घर में लगी एलजी कम्पनी की 52 इंच टीव्ही अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी गई टीव्ही की कीमत लगभग 50 हजार रुपए की बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव : बूंदाबांदी के बाद हवा में ठंडक घुली

# आंधी तूफान के बीच बारिश की संभावना

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर प्रभावी हो गया है. पंजाब और हरियाणा के बीच हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से एक टर्फ लाईन बन गई है। अगले दो तीन दिनों तक मौसम में बदलाव देखा जाएगा. दिनभर तपिश के बाद शाम को तेज हवाओं के बीच हल्की वर्षा होगी। सोमवार को दिनभर तपिश के बाद शाम 6.30 पर अचानक तेज हवाएं चलीं और बूंदाबांदी होने लगी, जिससे रात में वातावरण में ठंडक बन गई थी, पश्चिमी विक्षोप की वजह से बादलों की आवाजाही भी बनी रहेगी। इस बीच उमस भरी गर्मी भी परेशान करेगी। सोमवार को पारा 40 डिग्री के पार रहा, दिन में तेज धूप भी बनी रही। शाम को मौसम ने अचानक करवट ली।



मौसम वैज्ञानिक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने ईएमएस को बताया की पंजाब और हरियाणा के बीच पश्चिमी विक्षोप का सिस्टम सक्रिय है, जिसका असर जबलपुर सहित पूर्वी मध्य प्रदेश में बना हुआ है. मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर व्रजपात, झंझावात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में तापमान में हलकी गिरावट आएगी। ये हवाएं मौसम के मिजाज पर आंशिक असर डालेगी। लिहाजा आने वाले दिनों में जिलों में कही-कही तेज हवाओ के साथ गरज चमक के बीच पानी गिर सकता है और बादल छा सकते है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 53 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.27 पर और सूर्यास्त शाम 6.47 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43.8 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी पूर्वी हवायें 5 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज कि दिन का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज किया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ने व तेज आंधी तूफान चलने की संभावना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240